# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 284 । भोपाल, शुक्रवार 13 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

चुनावी प्रक्रिया का ककहरा सीख रहे कर्मचारी पृष्ठ 3
▪ विधानसभा चुनावों के बीच 'एक देश एक चुनाव' का शोर
▪ हमास-इजरायल युद्ध और भारतीय विदेश नीति की बारीकियां पृष्ठ 4
▪ सड़क निर्माण में नपा अधिकारी और जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान ▪ ----- पृष्ठ 6
निष्पक्ष और शांतिपूर्वक मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश पृष्ठ 8

## सरताज सिंह नहीं रहे, 83 साल की उम्र में ली अंतिम सांस



### इटारसी में आज होगा अंतिम संस्कार

**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ भाजपा नेता सरताज सिंह का आज भोपाल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे। लम्बे समय से बीमार श्री सिंह का भोपाल में इलाज चल रहा था। सहज और मिलनसार स्वभाव के श्री सिंह को लोग सरताज बाबू जी के नाम से जानते थे। सरताज जी का अंतिम संस्कार उनके गृहनगर इटारसी में 13 अक्टूबर, शुक्रवार को किया जाएगा, उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 2 बजे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रेलवे स्टेशन के सामने से निकाली जाएगी। इसके पहले शुक्रवार सुबह स्व. सिंह की पार्थिव देह भोपाल से गुरुद्वारा इटारसी पहुंचेगी।

उनके निधन पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, भाजपा के संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा समेत अनेक नेताओं ने शोक जताया है।

प्रदेश के कद्दावर राजनेता श्री सिंह 5 बार सांसद और 2 बार विधायक रहे हैं। वह केन्द्रीय मंत्री और मध्यप्रदेश सरकार में भी मंत्री रहे। इसके पहले वह दो बार नगर पालिका अध्यक्ष भी रह चुके थे। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार में वन और पीडब्ल्यूडी जैसे मंत्रालयों का जिम्मा संभाला। वह पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे अर्जुन सिंह को भी एक बार चुनाव में पराजित कर चुके थे |हालांकि 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा से टिकट न मिलने पर सरताज सिंह नाराज हो गए थे। उन्होंने भाजपा छोड़कर कांग्रेस के टिकट पर होशंगाबाद सीट से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीतासरन शर्मा के खिलाफ चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा था। हालांकि बाद में फिर उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर

## शर्मिला की पार्टी तेलंगाना की सभी 119 सीटों पर चुनाव लड़ेगी

**हैदराबाद, एजेंसी।** वाईएसआर तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) अगले महीने होने वाले चुनाव में तेलंगाना की सभी 119 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी प्रमुख वाईएस शर्मिला ने गुरुवार को यह घोषणा की है। पार्टी की कार्यकारी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए वाईएस शर्मिला कहा कि वह पलेरू निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी नेताओं की ओर से एक और विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की मांग की गई थी। शर्मिला ने दावा किया कि पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से उनके पति अनिल कुमार और मां वाई.एस विजयम्मा को चुनावी मैदान में उतारने की भी मांग है। यह जरूरी है कि वे भी चुनाव लड़ेंगे। शर्मिला ने टिकट के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन जमा करने को कहा है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी की बहन शर्मिला ने वाईएसआरटीपी को कांग्रेस में विलय करने की बातचीत में कोई प्रगति नहीं होने के बाद सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया।

### गर्भपात की जिद पर प्रधान न्यायाधीश की सख्त टिप्पणी

# हम बच्चे को नहीं मार सकते, 26 हफ्ते तक क्या कर रही थीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 26 सप्ताह की गर्भवती महिला पहले ही दो बच्चों की मां बन चुकी है। अब महिला तीसरी बार बच्चे को जन्म देने वाली है, लेकिन वह बच्चा गिराना चाहती है, लेकिन मेडिकल तरीकों का इस्तेमाल कर गर्भपात की अनुमति लेने पहुंची महिला को सुप्रीम कोर्ट से भी निराशा हाथ लगी है। गर्भ गिराने की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम किसी बच्चे को नहीं मार सकते। कोर्ट के निर्देश पर एम्स के मेडिकल बोर्ड ने कहा था कि बच्चे की जान बचाई जा सकती है। अदालत मामले में शुक्रवार सुबह 10.30 बजे भी सुनवाई करेगी।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने 10 अक्तूबर को केंद्र



सरकार की अपील पर गर्भपात पर अस्थायी रोक लगाई थी। केंद्र की याचिका पर सुनवाई करते हुए गुरुवार, 12 अक्तूबर को शीर्ष अदालत ने कहा, हम एक बच्चे को नहीं मार सकते। कोर्ट ने ये भी पूछा कि गर्भवती महिला शादीशुदा हैं, दो बच्चों की मां हैं। ऐसे में वे 26 हफ्तों तक क्या कर रही थीं?

### कुछ और हफ्ते तक पालने की संभावना तलाशें

अदालत ने स्पष्ट किया कि शीर्ष अदालत को अजन्मे बच्चे, एक जीवित और व्यवहार्य भ्रूण के अधिकारों को उसकी मां के फैसले लेने के अधिकार के साथ संतुलित करना है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार और महिला के वकील से बात कर गर्भ में पल रहे शिशु को कुछ और हफ्तों तक पालने की संभावना पर विचार करने को कहा।

### मानसिक अवसाद से पीड़ित है महिला

मामला सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष तब आया जब बुधवार को दो न्यायाधीशों की पीठ ने खंडित फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने 9 अक्टूबर के आदेश में कहा था कि महिला अवसाद से पीड़ित है। कोर्ट ने 'भावनात्मक, आर्थिक और मानसिक रूप से' तीसरे बच्चे को पालने की स्थिति में नहीं होने के कारण महिला को गर्भ गिराने के लिए चिकित्सीय तरीके अपनाने की अनुमति दी थी।

### कांग्रेस ने की 'पढ़ो पढ़ाओ' योजना की घोषणा, प्रियंका गांधी ने कहा–

# मप्र में विद्यार्थियों को हर महीने पैसे देंगे



8वीं तक 5 सौ, 10वीं तक 1 हजार, 12वीं तक के बच्चों को 15 सौ रुपए दिए जाएंगे

**मंडला, देशबन्धु।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज कहा कि मध्यप्रदेश में पार्टी की सरकार बनने पर 'पढ़ो पढ़ाओ' योजना लागू की जाएगी, जिसके तहत स्कूली विद्यार्थियों को पांच सौ रुपए से लेकर पंद्रह सौ रुपए प्रतिमाह तक दिए जाएंगे।

> कांग्रेस पार्टी जो भी वादे कर रही हैं, उन्हें सरकार बनने पर पूरा किया जाएगा। कांग्रेस अन्य दलों के नेताओं की तरह 'जुमले' नहीं दे रही है: प्रियंका गांधी

श्रीमती वाड्रा ने महाकौशल अंचल के आदिवासी बाहुल्य मंडला में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र और राज्य सरकार आदिवासी विरोधी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आदिवासियों पर अत्याचार तेजी से बढ़े हैं। कांग्रेस ने आदिवासियों को बहुत कुछ दिया। जल, जंगल, जमीन से लेकर उनकी संस्कृति की रक्षा के लिए कई कदम उठाए। कांग्रेस शासन के दौरान आदिवासियों को पट्टे भी दिए गए। कांग्रेस ने जो कुछ वह सब भाजपा ने छीन लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने के बाद आदिवासियों को उनके अधिकार और सम्मान को वापस दिलाएगी।

### 'इंदिरा माता' के नाम से जानते थे लोग

कांग्रेस महासचिव ने आदिवासी बहुल इस अंचल के लोगों को संबोधन के दौरान अपनी दादी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि इस अंचल के लोग श्रीमती गांधी को 'इंदिरा माता' के नाम से जानते थे। ऐसा इसलिए क्योंकि वे सभी श्रीमती गांधी पर भरोसा करते थे और उन्होंने उनके भरोसे के अनुरूप इस अंचल के लोगों के लिए काम भी किए। उन्होंने आदिवासियों को सबसे बड़ा विवेकशील बताते हुए कहा कि वे आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान के दिन उनकी बातों को ध्यान में रखकर वोट दें। उन्होंने कहा कि वे और कांग्रेस पार्टी जो भी वादे कर रही हैं, उन्हें सरकार बनने पर पूरा किया जाएगा। कांग्रेस अन्य दलों के नेताओं की तरह 'जुमले' नहीं दे रही है।

### धान व तेंदूपत्ता पर बढ़ा हुआ बोनस देंगे

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ राज्य की तरह मध्य प्रदेश में भी धान और तेंदूपत्ता पर बढ़ा हुआ बोनस दिया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस की अन्य घोषणाओं का भी जिक्र किया और कहा कि पार्टी सोच समझकर ही घोषणाएं कर रही है। राज्य में सभी 230 सीटों के लिए विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम जारी हो गया है और 17 नवंबर को सभी सीटों पर एकसाथ मतदान होगा। नतीजे तीन दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। राज्य में अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित सीटों की संख्या 47 हैं। इन सीटों पर भी सभी मुख्य दलों की निगाहें हैं। मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंडला जिले की निवास विधानसभा सीट से केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को प्रत्याशी घोषित किया है।

## कमलनाथ बोले–यह प्रदेश के भविष्य का चुनाव



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे पता है कि आप कांग्रेस के सच्चे और मजबूत साथी हैं। अपनी जवानी के दिनों से लेकर अभी तक मेरा मंडला से थोड़ा ज्यादा गहरा लगाव रहा है। मुझे आपके बीच में आकर जितनी खुशी होती है, उतना दुख भी होता है कि हमारे मंडला की, हमारे प्रदेश की क्या हालत इस सरकार ने बना रखी है। कमलनाथ ने कहा कि आज महासचिव प्रियंका गांधी एक बार फिर प्रदेश के दौरे पर आई हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि शिवराज सरकार में प्रदेश का बुरा हाल है, बेरोजगारी चरम पर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार आज युवाओं की सुध लेने को तैयार नहीं है। कमलनाथ ने कहा कि यह केवल एक उम्मीदवार या एक व्यक्ति का चुनाव नहीं है, ना ही यह केवल एक पार्टी का चुनाव है। यह मध्य प्रदेश और विशेष रूप से मंडला के भविष्य का चुनाव है। अगर प्रदेश का भविष्य सुरक्षित रहेगा, तो मंडला का भी भविष्य सुरक्षित रहेगा और मंडला का भविष्य सुरक्षित रहेगा तो यहां के युवाओं का भी भविष्य सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश भ्रष्टाचार में नंबर वन है। भ्रष्टाचार का हाल यह है कि प्रदेश का हर नागरिक या तो भ्रष्टाचार का गवाह है या फिर भ्रष्टाचार का शिकार है। प्रदेश में बीज और खाद के लिए भटकता हुआ किसान कुशासन का सबसे बड़ा उदाहरण है।

### सरकार ने शुरू किया ऑपरेशन अजय

## इजरायल से आज विशेष विमान से लौटेंगे 230 भारतीय

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** इजरायल से भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन अजय शुरू किया और इसके अंतर्गत करीब 230 भारतीय पहली चार्टर उड़ान से शुक्रवार सुबह तक भारत लौटने की संभावना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, जैसा कि कल विदेश मंत्री ने घोषणा की थी, ऑपरेशन अजय को हमारे उन नागरिकों की इजराइल से वापसी की सुविधा के लिए शुरू किया गया है जो वापस आना चाहते हैं। पहली चार्टर उड़ान भारतीयों को लेने के लिए आज रात तक तेल अवीव पहुंचेगी और उन्हें शुक्रवार सुबह तक स्वदेश लाएगी।



श्री बागची ने एक सवाल के जवाब में कहा कि ऑपरेशन अजय आने के इच्छुक भारतीयों की मांग पर आधारित होगा। पहली उड़ान में 230 यात्रियों के सवार होने की उम्मीद है। फिलहाल चार्टर उड़ानें संचालित की जा रही हैं। लेकिन भविष्य में यदि जरूरत महसूस हुई तो हमारे पास सभी विकल्प हैं। ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। एक सवाल के जवाब में प्रवक्ता ने कहा कि लगभग 18 हजार भारतीय इजरायल में हैं। वहां संघर्ष चल रहा है और हालात चिंताजनक हैं। हमने अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं सुनी है। उन्होंने कहा कि भारतीयों को भारतीय मिशन में पंजीकरण कराने और मिशन द्वारा जारी परामर्श का पालन करने की सलाह दी गई है।

### इजराइल ने गाजा पट्टी खाली करने को कहा

इस बीच इजराइल ने लोगों को गाजा पट्टी खाली करने को कहा है। सेना ने आसमान से पर्चे गिराए हैं। इन पर लिखा है कि हमास के हमलों की वजह से इजराइली सेना जवाब दे रही है। जिन इमारतों पर हमास काम कर रहा है, उन्हें तबाह कर दिया जाएगा। वहीं, इजराइली सेना ने सीरिया में हमास के समर्थक ईरान के ठिकानों पर हमला किया है। ये हमले दमिश्क में एयरपोर्ट के करीब हुए हैं।

### संप्रभु फिलिस्तीन की वकालत करता रहा है भारत

भारत ने इजराइल पर हमास के हमले को आतंकी हमला बताया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि फिलिस्तीन को लेकर भारत की पॉलिसी लंबे समय से एक ही रही है। भारत हमेशा से बातचीत से आजाद और संप्रभु फिलिस्तीन बनाने की वकालत करता रहा है। अभी भारत का यही स्टैंड है।

### उच्च न्यायालय ने दिए निर्देश

## निशा बांगरे के इस्तीफे पर एक सप्ताह में करें निर्णय

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे के इस्तीफे के मामले में याचिका पर आज जबलपुर उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। जिसमें न्यायालय ने निशा बांगरे के इस्तीफे और चार्जशीट पर निर्णय लेने के निर्देश सरकार को दिए हैं। इस इस मामले में अगली सुनवाई अगले हफ्ते होगी। बैतूल में डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ श्रीमती बांगरे ने विगत दिनों सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद भी अब तक सरकार ने उनका इस्तीफा मंजूर नहीं किया है।

डिप्टी कलेक्टर निशा के इस्तीफे के मामले में जबलपुर उच्च न्यायालय में दायर याचिका और सरकार की अपील पर सुनवाई तो हुई, लेकिन न्यायालय से आज भी उन्हें राहत नहीं मिली। इस मामले में निशा के अधिवक्ता विवेक तनखा ने सरकार पर जान बूझकर मामले में लेट लतीफ़ी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अब तो प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू है। ऐसे में किसके कहने पर सरकार अपील पेश कर रही है। अगर सरकार ने 2 दिन में इस्तीफ़े पर फ़ैसला नहीं लिया तो सोमवार को निर्वाचन आयोग में इस मामले की शिकायत करेंगे और जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट में भी अपील करेंगे। चर्चा है कि निशा बांगरे विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती हैं, इसलिए सरकारी नौकरी से उन्होंने इस्तीफा दिया है। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि सरकार उनका इस्तीफा मंजूर करने में जान बूझकर देर कर रही है।

### बिहार ट्रेन हादसे पर खड़गे बोले

## तय हो रेलवे व केंद्र की जवाबदेही



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को बिहार के बक्सर में आनंद विहार–कामाख्या नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस दुर्घटना में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया और रेलवे और केंद्र की जवाबदेही तय करने की मांग की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी हादसे में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। एक्स पर एक पोस्ट में खड़गे ने कहा, 'नई दिल्ली से असम जा रही नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस के बिहार के बक्सर में पटरी से उतरने की खबर बेहद दुखद है।' उन्होंने कहा कि इस भीषण हादसे में कई लोगों की जान चली गई है और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए है। खड़गे ने कहा, हम मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि वे पीड़ितों को हर संभव मदद प्रदान करें।

### बालासोर के बाद दूसरी बड़ी दुर्घटना

उन्होंने ओडिशा के बालासोर में 2 जून को हुए ट्रिपल ट्रेन हादसे पर प्रकाश डालते हुए कहा, जून 2023 के बालासोर ट्रेन हादसे के बाद यह दूसरी बड़ी पटरी से उतरने की दुर्घटना है। रेल मंत्रालय और केंद्र सरकार की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

असम के कामाख्या जाने वाली आनंद विहार–कामाख्या नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस के 21 डिब्बों के बक्सर के रघुनाथपुर में पटरी से उतर जाने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। रेलवे की ओर से हादसे में मृतकों के परिजनों को 10–10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाने के निर्णय लिया गया है। जबकि, घायलों को 50–50 हजार रुपए की सहायता राशि देने का एलान किया गया है।

## बाटला हाउस मुठभेड़ : हाईकोर्ट ने दोषी की मौत की सजा को उम्रकैद में बदला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2008 के बाटला हाउस मुठभेड़ मामले में आरिज खान की सजा को बरकरार रखते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को निचली अदालत से मिली मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया।

> इंस्पेक्टर मोहन शर्मा की हत्या की थी

18 अगस्त को अदालत ने उस मामले में आरिज खान को मौत की सजा की पुष्टि पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसमें जामिया नगर में इंडियन मुजाहिदीन के दो संदिग्ध आतंकवादियों और प्रतिष्ठित इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा की हत्या कर दी गई थी। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने खान को राहत देते हुए उसकी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। विस्तृत आदेश की प्रति की प्रतीक्षा है। उच्च न्यायालय को पहले आरिज खान को दी गई मौत की सजा की पुष्टि के लिए एक संदर्भ प्राप्त हुआ था। दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सिलसिलेवार विस्फोटों में 35 से अधिक लोग मारे गए और 150 से अधिक घायल हो गए थे। कुछ दिनों बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 19 सितंबर 2008 को जामिया नगर के बाटला हाउस में एक मुठभेड़ को अंजाम दिया था। मोहन शर्मा ने धमाकों के लिए जिम्मेदार आतंकियों की तलाश में छापेमारी की थी। आरिज खान को 8 मार्च 2021 को मोहन शर्मा की हत्या समेत अन्य अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था और 15 मार्च, 2021 को मौत की सजा सुनाई गई थी। जबकि, एक अन्य दोषी शहजाद अहमद को मामले में आजीवन कारावास की सजा दी गई थी।

### पिछली बैठकों में गठबंधन ने एकजुटता का दिया था संदेश

# 'इंडिया' गठबंधन की रैली के लिए नहीं बन पा रही सहमति!

• **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** इंडिया गठबंधन ने लगातार पटना, बेंगलुरू और मुंबई में बैठक कर एनडीए के खिलाफ अपनी एकजुटता का संदेश दिया था। लेकिन अब गठबंधन की उद्घाटन रैली पर ही सहमति नहीं बन पा रही है। जिससे इसके भविष्य को लेकर सवाल भी खडे हो रहे हैं।

इस बीच 13 सितम्बर को समन्वय समिति की पहली बैठक के बाद माक्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने खुद को इस समिति से अलग कर मतभेदों को और हवा दे दी है। बतादें कि इंडिया गठबंधन की उद्घाटन रैली के लिए सबसे पहले मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल को चुना गया था। लेकिन विधानसभा चुनावों में व्यस्तता का हवाला दे सूबे के कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने इस पर ऐतराज कर दिया और रैली स्थगित हो गई। फिर माना जा रहा था कि अब यह रैली पटना में हो सकती है, लेकिन बात नहीं बनी। हालांकि अब इसके लिए महाराष्ट के नागपुर शहर को चुना गया है। समन्वय समिति 20 अक्टूबर से 10 नवम्बर के बीच तारीख तय करने पर विचार कर रही है। लेकिन मुश्किलें अभी भी नजर आ रही हैं। 4 नवम्बर को नागपुर में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव साथ ही त्योहार और पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनाव जहां इंडिया गठबंधन के दल ही एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोक रहे है। ऐसे में चुनाव से पहले एक साथ आकर रैली करना किसी पहेली से कम नजर नहीं आ रहा है।

> गठबंधन के भीतर नई चुनौतियां व शिकायतें भी सामने आ रही

विधानसभा चुनावों में गठबंधन के भीतर नई चुनौतियां और शिकायतें भी सामने आ रही हैं। समाजवादी पार्टी व वामपंथी दलों ने मध्यप्रदेश और तेलंगाना में अपने हितों की अनदेखी करने के लिए कांग्रेस के प्रति असंतोष जताया है। समाजवादी पार्टी मध्य प्रदेश में कांग्रेस के साथ गठबंधन में जाकर चुनाव लड़ना चाहती थी। लेकिन इसके लिए कांग्रेस की तरफ से कोई सकारात्मक जवाब नहीं आया। इसी तरह वामपंथी दल तेलंगाना में सम्मानजनक उपस्थिति के लिए कांग्रेस से कुछ सीटों को छोडने की बात कर रहे थे।

## सार समाचार

### घर के आगे से ट्रैक्टर चोरी कर ले गए चोर

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थानांतर्गत नया बायपास स्थित एक घर के आगे खड़ा ट्रेक्टर गत रात्रि अज्ञात चोर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी गोलू पुत्र मदनलाल परिहार निवासी नया बायपास रोड आरोन ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि उसका लाल रंग का ट्रेक्टर एमपी 40 एसी 8940 गत रात्रि में उसने अपने नए मकान के आगे खड़ा किया था। इस दौरान रात 1 बजे तक उसने ट्रेक्टर को देखा था। सुबह जब 5 बजे वह उठा तो ट्रेक्टर गायब था। जिसके आसपास काफी खोजा, लेकिन नहीं मिला। कोई अज्ञात चोर ट्रेक्टर को चुरा कर ले गया। फरियादी ने यह ट्रेक्टर दिसंबर 22 में ही खरीदा था। जिसका उसने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था। फिलहाल पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### धरती से चांद तक का सफर प्रतियोगिता आयोजित

**गुना, देशबन्धु।** अग्रसेन जयंती के सप्ताह के तहत चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में अग्रवाल महिला मंडल ने धरती से चाँद तक का सफर कार्यक्रम का आयोजन किया। स्थानीय निजी गार्डन में आयोजित यह कार्यक्रम देर रात तक चला। महिला मंडल की अध्यक्ष अंजना सिंघल, सचिव नीलम मंगल ने बताया कि प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बच्चियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में समय सीमा दो मिनट रखी गई। जिसमें प्रथम विजेता कुनिका गुप्ता, द्वितीय मोनिका जैन एवं तृतीय ॠषिका अग्रवाल रहीं। ऐसी क्रम में भक्ति नृत्य में अनिता मित्तल प्रथम, संगीता गर्ग द्वितीय एवं रेणु अग्रवाल तृतीय रहीं। जबकि टीप टॉप फोक डांस में कृतिका अग्रवाल प्रथम, पूर्णिमा अग्रवाल द्वितीय एवं कार्तिकी मंगल तृतीय रहीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं ने बहुत ही शानदार प्रस्तुति प्रदान दी।

### सोयाबीन बेचने को लेकर भिड़े दो सगे भाईयों के परिवार

**गुना, देशबन्धु।** फसल आते ही ग्रामीण अंचल में छुटपुट विवाद की घटनाएं सामने आने लगी हैं। जिले के कुंभराज थानांतर्गत ग्राम सींगनपुर में सोयाबीन की फसल बेचने को लेकर दो भाईयों के परिवार आपस में भिड़ गए। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर क्रॉस मामले दर्ज किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले मामले में फरियादी गजराज सिंह मीना ने बताया कि गत शाम उसका भाई चैनसिंह खेत पर रखी सोयाबीन की फसल बेचने को ले जा रहा था। जिस पर फरियादी ने कहा कि सोयाबीन की फसल बाद में बेचेंगे। इसी बात पर चैन सिंह ने अपने भाई के साथ गाली गलौंच कर लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। जिसमें उसके सिर में खून निकल आया। फिलहाल पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी भाई पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।वहीं दूसरे मामले में चैनसिंह की पत्नी रीनाबाई ने पुलिस को रिपोर्ट कराई कि गत शाम वह अपने परिवार के साथ घर पर थी।

पुलिस ने महिला और उसके साथी पर किया धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज

# नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवक से डेढ़ लाख ठग लिए

**गुना, देशबन्धु।** धरनावदा थानांतर्गत ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक के पद पर भर्ती कराने के नाम पर एक युवक के साथ महिला तथा उसके साथी द्वारा धोखाधड़ी कर लाखों रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी महिला और उसके साथी पर धारा 420,465,467,468,471 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी रूठियाई पर आवेदक संजय पुत्र परमाल सिंह यादव निवासी ग्राम सूजाखेडी जनपद पंचायत बमौरी द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि वह शिक्षित बेरोजगार युवक है। जिसे लोगों से पता चला कि जनपद गुना में ग्राम रोजगार सहायक की भर्ती होनी है। फरियादी के अनुसार आज से लगभग तीन माह पूर्व पूनम रघुवंशी निवासी गुना नगरपालिका के पास उसे मिली। चूंकि वह भाजपा की कार्यकर्ता है एवं पार्टी के कार्यक्रम में मुझे मिलती थी। जिससे वह जानता था। महिला द्वारा उसे कहा गया कि जनपद में भर्ती हो रही है, यदि आप नौकरी चाहते हैं मैं एक लडका आपके पास भेजूँगी। आप उसे अपने कागज दे देना। कुछ दिन बाद शिवा शर्मा नाम का एक लड़का मेरे ग्राम में आया और मेरे ओरिजनल कागजात तथा 75000 रूपये ले गया। इस दौरान उसने कहा कि कुछ दिन बाद तुमको लैटर मिल जाएगा। 15 दिवस बाद शिवा शर्मा मेरे गांव आया और उसे एक कागज देकर 75000 रूपये लिए और कहा कि यह किसी को नहीं बताना है। आपको जनपद से कॉल आयेगा। लेकिन काफी दिनों तक कॉल नहीं आया तो युवक खोजबीन करने जनपद कार्यालय पहुंचा। यहां उसे पता चला कि उसके साथ ठगी हुई है यह आदेश फर्जी है। इस मामले में फरियादी युवक ने रुठियाई चौकी में आवेदन देकर पूनम रघुवंशी एवं शिवा शर्मा की शिकायत की। जिस पर पुलिस ने जांच उपरांत धारा 420, 465, 467, 468, 471 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

आचार संहिता : यातायात पुलिस और आरटीओ का संयुक्त अभियान

## वाहन से उतरवाया हूटर, बिना अनुमति विज्ञापन पर काटा चालान



**गुना, देशबन्धु।** आचार संहिता लगते ही जिले भर में यातायात पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। गुरुवार को यातायात पुलिस और आरटीओ ने संयुक्त अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई की। इस दौरान संयुक्त कार्रवाई में दो विभाग के अधिकारियों ने बिना नंबर प्लेट वाहन के 7 चालान कर 3500 रुपए, ब्लेक फिल्म में 1 चालान कर 5 सौ रुपए, हूटर में 1 चालान कर 3 हजार रुपए वसूले। इसके अलावा बिना अनुमति वाहन पर विज्ञापन में 2 चालान कर 1 हजार रुपए, आरटीओ द्वारा बिना नंबर प्लेट में 4, सर्च लाईन में 2 एवं विविध सुर होने पर एक वाहन चालक पर चालानी कार्रवाई की गई। इस मौके पर आरटीओ रवि बरेलिया और यातायात पुलिस थाना प्रभारी सूबेदार हर्ष यादव, विवेक शर्मा, संतोष सिंह तोमर आदि द्वारा करीब 3 घंटे तक लगातार गाड़ियों की चेंकिंग की। जिसके बाद शहर में वाहन चालकों में हडकंप मच गया।

उल्लेखनीय है कि निष्पक्ष और शांतिपूर्वक चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने गाइडलाइन जारी की है। इस गाइडलाइन के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत गुरुवार को शहर के हृदयस्थल जयस्तंभ चौराहे पर चालानी कार्रवाई शुरू की। परिवहन अधिकारी श्री बरेलिया ने बताया कि कई लोग अपने वाहनों पर शहर अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष और तमाम पद लिखकर पार्टी के चिन्ह का भी प्रयोग करते हैं। ऐसे वाहनों को रोककर उन पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। श्री बरेलिया के अनुसार वाहन पर नियमानुसार नंबर प्लेट लगी होना चाहिए, इसके अलावा यदि नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ करते हुए राजनीतिक स्लोगन अथवा चिन्ह लिखा जाएगा तो ऐसे वाहनों पर भी कार्रवाई की जाएगी। वे जुर्माने के साथ-साथ वाहन को जब्त कर चालान न्यायालय में भी पेश कर सकते हैं।

## नवविवाहिता में फांसी लगाकर दे दी जान



**गुना, देशबन्धु।** सिरसी थानांतर्गत ग्राम अमरोद हासली में एक नवविवाहिता में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में परिजनों ने ससुरालियों पर प्रताड़ित करने एवं पुलिस द्वारा सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाया। घटना के बाद मौके पर घंटों तक पुलिस नहीं पहुंची। वहीं शव को स्वयं परिजनों को ट्रेक्टर-ट्रॉली में लाना पड़ा। इस मामले में परिजनों ने ससुरालियों पर नवविवाहिता को प्रताड़ित करने एवं हत्या करने का आरोप लगाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जानकारी के अनुसार 5 महिने पहले मई में कमला बाई भिलाला की शादी सिरसी थाने के अमरोद हासली गांव में हुई थी। जहां उसने बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में मृतिका के भाई एवं पिता ने मामले में हत्या का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि बहन को उसका पति और जेठ आए दिन परेशान करते थे। रक्षाबंधन त्यौहार पर मायके पहुंची कमलाबाई ने इसकी शिकायत अपने परिजनों से भी की थी। तब हमने शिकायत मिलने के बाद उनसे बात भी की थी और समझाया था। परिजनों ने बताया कि हमें फांसी लगाने की सूचना मिली तो हम तुरंत मौके पर उसके घर पहुंचे, लेकिन तब तक उसे फंदे से उतार लिया गया था। हम लोगों द्वारा ही सिरसी थाने पहुंचकर इस आशय की शिकायत पुलिस से की। परिजनों ने पुलिस पर भी आरोप लगाया कि करीब एक-डेढ घंटे थाने में बिठाने के बाद हमारी सुनवाई हुई। शव को जिला अस्पताल लाने भी एंबूलेंस नहीं मिली, परिजन ट्रेक्टर-ट्राली से शव लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। फिलहाल पुलिस ने मर्ग की कायमी कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंपकर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं मायके पक्ष की मांग है कि ये आत्यहत्या नहीं है, बल्कि उसकी हत्या हुई है। मामले की निष्पक्ष जांच की जाए।

## 60 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी पकड़ा

**गुना, देशबन्धु।** म्याना पुलिस द्वारा ग्राम चकदेवपुर में स्कूल के पास से 60 लीटर अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति चकदेवपुर में स्कूल के पास नीले रंग की दो प्लास्टिक की केनों में कच्ची शराब लिए कहीं निकलने की फिराक में खड़ा है। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो एक व्यक्ति दो नीले रंग की केन लिये बैठा दिखा। जो पुलिस को आता देख दोनो केनों को छिपाने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। जिसने पूछताछ में अपना नाम घासी पुत्र दल्ला बंजारा निवासी ग्राम चकदेवपुर बताया। जिसकी दोनों केनों में 30-30 लीटर कुल 60 लीटर कच्ची शराब पुलिस ने बरामद की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट में मामला दर्ज किया है।

## राजस्थान मिली से आधा सैकड़ा बदमाशों की सूची, 15 को पकड़कर सौंपा

**गुना, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर गुना पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस द्वारा राजस्थान के विभिन्न अपराधों में वांछित 50 आरोपियों, वारंटियों की जानकारी जुटाकर 15 को गिरफ्तार कर राजस्थान पुलिस को सौंपा है। जिसमें विभिन्न जेलों में बंद 15 आरोपियों, फौत हुए 6 आरोपियों व पते से फरार 14 आरोपियों की जानकारी राजस्थान पुलिस को सौंपी है।

दरअसल एसपी विजय कुमार खत्री द्वारा राजस्थान से प्राप्त सूची को जिले के समस्त थाना प्रभारियों की ओर भेजकर सूची अनुसार अपने-अपने थाना क्षेत्रों के आरोपियों, वारंटियों की धरपकड़ कर उन्हें राजस्थान पुलिस को सौंपे जाने के सख्त निर्देश दिए थे। जिस पर गुना पुलिस द्वारा जिले के फरार आरोपियों, वारंटियों, आदतन बदमाशों सहित राजस्थान राज्य के विभिन्न अपराधों में वांछित आरोपियों, वारंटियों की धरपकड हेतु निरंतर कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत गुना पुलिस द्वारा विगत कुछ ही दिनों में करीबन 50 फरार आरोपियों, वारंटियों की जानकारी जुटाकर 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर राजस्थान पुलिस को सौंपा गया है।

इसके साथ ही 15 आरोपियों के विभिन्न जिलों में बंद होने की जानकारी, 06 आरोपियों के फौत हो जाने की जानकारी एवं 14 आरोपियों के अपने पते से लंबे समय से फरार रहने की जानकारी राजस्थान पुलिस को भेजी गई है, जिनमें राजस्थान पुलिस द्वारा अपनी ओर से अग्रिम कार्यवाही की जावेगी ।

शेष आरोपियों की धरपकड में गुना पुलिस द्वारा सघन दबिशें दी जा रही हैं और जिनके संबंध में भी शीघ्र जानकारी जुटाकर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

इधर पुलिस द्वारा जिले से जिलाबदर किए गए 3 बदमाशों के जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने पर गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इनमें विक्की उर्फ विकाश पुत्र नबल कोरी निवासी होलीवाला चौक कोरी मोहल्ला राघौगढ़, आफताब पुत्र नसीम खान निवासी पेंशनर मोहल्ला कैंट एवं भंवर सिंह पुत्र रेत्या पारदी निवासी ग्राम खेजडा, थाना धरनावदा हाल हड्डीमील शामिल हैं। इन पर पुलिस द्वारा जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने कार्रवाई कर जेल भेजा है।

## 150 लीटर अवैध शराब के साथ 2 दबोचे



**गुना, देशबन्धु।** आरोन थाना पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों से कुल 150 लीटर अवैध जहरीली शराब सहित 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुबह आरोन थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोन-मूढराखुर्द रोड़ पर पानी की टंकी के पास एक व्यक्ति प्लास्टिक की दो बडी-बडी केनों में अवैध शराब लेकर उसे बेचने के उद्देश्य में खड़ा हुआ है। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। यहां केनों के साथ खड़े एक व्यक्ति द्वारा पुलिस को देखकर वहां से भागने का प्रयास किया। पुलिस फोर्स द्वारा घेराबंदी कर दबोच लिया गया। जिसने पूछताछ पर अपना नाम राम उर्फ सचिन पुत्र धर्मेन्द्र रघुवंशी निवासी सेजी मोहल्ला, आरोन का होना बताया । जिसके पास मिली केनों को चैक करने पर उनमें हाथभट्टी की बनी कुल 70 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की धारा 34(2), 49ए आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

इसी प्रकार अवैध शराब की दूसरी सूचना पर आरोन थाना पुलिस द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए आरोन के पनवाडी हाट तिराहे पर प्लास्टिक की दो बडी-बडी केनों में अवैध शराब लेकर उसे बेचने के उद्देश्य में खडे आरोपी अमजद खान पुत्र अनवर खान निवासी घोसी मोहल्ला, आरोन को धर दबोच लिया गया। जिसके पास मिली केनों को चेक करने पर उनमें हाथ भट्टी की बनी कुल 80 लीटर अवैध जहरीली शराब बरामद कर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है ।

## जनपद शिक्षा केन्द्र की बैठक हुई गत माह के कार्यों की समीक्षा



**आष्टा, देशबन्धु।** जनपद शिक्षा केंद्र में बी.पी.एम.यू. बैठक की गई। बैठक के दौरान पिछले माह में किए गए कार्यों की समीक्षा एवं आगामी योजना पर विस्तार से बातचीत की गई। बैठक के दौरान जन शिक्षकों से एफ.एल.एन. के अंतर्गत किए जा रहे शाला अवलोकन के अनुभव के बारे में जाना गया तथा शाला अवलोकन के दौरान मेंटरिंग ऐप पर आ रही चुनौतियों पर बातचीत की गई, जिससे आने वाले समय में इस ऐप में सुधार किया जा सके। सभी जन शिक्षकों को सुझाव दिया गया कि शाला अवलोकन के दौरान बच्चों की पठन गति को देखें एवं कक्षा-2 के अंत तक 45 से 60 शब्द प्रति मिनट निर्धारित लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पठन अभ्यास का अवसर देने के लिए शिक्षकों को फीडबैक दिया जाए। जिससे बच्चों को ज्यादा पठन का अभ्यास अवसर मिल सके और बच्चों के पठन गति में सुधार हो और हम लोग निपुण भारत के निर्धारित लक्ष्य तक पहुंच सके। उक्त बैठक बीआरसीसी तरुण बैरागी की अध्यक्षता में रखी गई । जिसमें मिशन अंकुर टीम से सौरभ चंडक, सभाजीत पटेल, अंकिता भुजबल, अनिल श्रीवास्तव नव साक्षरता समन्वयक, मनोज विश्वकर्मा बी.ए.सी., मनोहर विश्वकर्मा बी.ए.सी., फूलचंद सांकले बी.ए.सी., देव जी मेवाड़ा बी.ए.सी., शालनी सरसिया, हरेंद्र सिंह ठाकुर लेखापाल, प्रतिमा भावक, रवि मेवाड़ा एवं समस्त जन शिक्षक उपस्थित रहे।

## विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन



**आष्टा, देशबन्धु।** मानसिक स्वास्थ्य विषय पर आज विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायाधीश सुरेश कुमार चौबे ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य किसी व्यक्ति की भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सेहत को संदर्भित करता है जिसमें उसकी समग्र मानसिक और भावनात्मक स्थिति शामिल होती है।

इसमें किसी व्यक्ति की तनाव से निपटने, अपनी भावनाओं को प्रबंधित करने, स्वस्थ रिश्ते बनाए रखने, उत्पादक रूप से काम करने और तर्कसंगत निर्णय लेने की क्षमता शामिल है। मानसिक स्वास्थ्य समग्र स्वास्थ्य और खुशहाली का एक अभिन्न अंग है तथा यह शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। शिविर का संचालन महेन्द्र सिंह मालवीय द्वारा किया गया। उक्त शिविर में प्राचार्य अमर सिंह परमार, शिक्षकगण में श्रीमती रीना लाल, श्रीमती नीलिमा बैरागी, श्री हंसराज गांधी, आदि एवं छात्राएं उपस्थित रही।

## भोपाल चक्कर लगाने से कुछ नहीं होगा क्षेत्र में काम करिए : ठाकोर



**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की सूची का इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। कांग्रेस की ओर से नियुक्त किए गए पर्यवेक्षक दिनेश ठाकुर ने गुरुवार को गुना का दौरा किया और राजीव गांधी कांग्रेस भवन में नेताओं व कार्यकर्ताओं से रूबरू चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह ने की। इस अवसर पर हरिशंकर विजयवर्गीय, विश्वनाथ तिवारी, नूरुल हसन नूर, मानसिंह परसौदा, चौधरी, रजनीश शर्मा, रणबीर कुशवाह, गोपाल शर्मा, महेंद्र राजपूत, विक्रम तोमर, मुरारीलाल, जिनेन्द्र जैन, हर्ष मेर, नरेंद्र सोनवार सहित सैंकड़ों कांग्रेस जन मौजूद थे। ठाकुर ने संकेत दिए हैं कि उनकी रिपोर्ट अंतिम होगी और इसके बाद गुना व बमौरी सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया जाएगा।

कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे दिनेश ठाकुर ने टिकट दिए जाने के फार्मूले पर खुलकर चर्चा की और दो टूक कह दिया कि बूथ लेबल व जनता के बीच काम करने वाले नेता को ही पार्टी प्रत्याशी बनाने जा रही है। ठाकुर ने बताया है कि कांग्रेस ने दो स्तर पर सर्वे किए हैं। इसके बाद पार्टी ने उन्हें कार्यकर्ताओं से अंतिम चर्चा के लिए गुना भेजा है। ठाकुर के मुताबिक गुना विधानसभा से कांग्रेस के 22 और बमौरी विधानसभा में 5 से 6 दावेदारों ने टिकट मांगा है।

आवेदनों पर पार्टी विचार कर चुकी है, मंथन हो चुका है। हालांकि ठाकुर ने गुना से टिकट प्राप्त करने वाले 21 लोगों को यह कहते हुए राहत दी कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद ऐसे सभी नेताओं को निगम, मंडल जैसे पदों पर एडजस्ट करेगी। यह तय है कि अबकी बार कांग्रेस 150 सीट पार कर रही है।

कांग्रेस पर्यवेक्षक ने बिना नाम लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जिक्र किया। उनके मुताबिक कांग्रेस , पार्टी अब आइने की तरह साफ है। बूथ स्तर से लेकर मंडल और जिला स्तर के कार्यकर्ता दोनों ही सीटों को जिताने में जुट गए हैं।

## सीटू के नेतृत्व में श्रम को लागू करने की मांग को लेकर रैली निकाली

*__गुना, देशबन्धु।__ नेशनल फर्टिलाइजर्स मजदूर यूनियन सीटू ने कारखाने के पालिका गैट से मजदूरों की विशाल रैली निकाली। रैली एनएफएल के सीजीएम कार्यालय पर पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गई। सभा का संचालन ज्ञानेश मेर ने किया। सभा को सीटू के राज्य उपाध्यक्ष विष्णु शर्मा, गिरीश कश्यप, सुरेन्द्र सैनी, महेश सैनी, जहूर खान, फूल सिंह साहू सहित अन्य साथियों ने संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बताया कि एन एफ एल में काम कर रहे करीब एक हजार ठेका मजदूरों का आज भी शोषण जारी है। श्रमिकों के गैटपास रोककर गैरकानूनी रूप से नौकरी से हटाया जा रहा है। एन एफ एल प्रबंधन एवं ठेकेदारों की सांठ गांठ के चलते ठेकेदारों द्वारा महीने भर काम लेने के बाद मजदूरों के बेंक खातों में डाली जा रही वेतन राशि में से 5 से लेकर 7 हजार रुपये तक वापस लिये जाते हैं। यदि मजदूरों द्वारा ठेकेदारों को निर्धारित रुपये वापस नहीं किये जाते तो उन्हें नौकरी से हटा दिया जाता है। एनएफ एल विजयपुर जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े उद्योग में स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रबंध न होने के कारण अनेक श्रमिकों के फेंफड़ों के संक्रिमित होने, हार्ट संबंधी बीमारियों तथा यूरिया की डस्ट के संपर्क से होने वाली तमाम बीमारियों से असमय मौतें हो रही हैं। एनएफएल के रिकार्ड उत्पादन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले करीब एक हजार ठेका मजदूरों का जीवन एनएफएल में काम के दौरान पूरी तरह असुरक्षित है। वक्ताओं ने प्रबंधन को चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन द्वारा ज्ञापन में दर्शाई मांगों व समस्याओं का एक माह के अंदर समाधान नहीं निकाला तो यूनियन को मजबूर होकर एनएफएल में कामबंद हड़ताल करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। सभा के बाद जोरदार नारेबाजी करते हुये प्रदर्शन किया एवं सी जी एम के नाम ज्ञापन पी एण्ड ए के मेनेजर डीएस तोमर को देकर यूनियन प्रतिनिधियों ने चर्चा की। चर्चा के दौरान श्री तोमर ने ज्ञापन में दर्शाई समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। रैली का नेतृत्व देवेन्द्र कुशवाह, रामेश्वर धाकड़, वीरेंद्र जोशी, सोनू साहू, सुघर सिंह बैस, गणेश शिवहरे, संजीव रघुवंशी, विजय यादव, रामबाबू गुर्जर, रामबाबू यादव, महेन्द्र यादव, प्रकाश यादव, शहजाद खान आदि ने किया।*



# चुनावी प्रक्रिया का ककहरा सीख रहे कर्मचारी

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया प्रशिक्षण का निरीक्षण

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भोपाल के सरकारी कर्मचारियों का चुनावी प्रशिक्षण गुरुवार से सात केन्द्रों पर शुरू हो गया है। यहां कर्मचारी अगले चार दिन तक निर्वाचन प्रक्रिया का ककहरा सीखेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने कर्मचारियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली और अधिकारी-कर्मचारियों से निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी सवाल पूछे।



जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने गुरूवार को गांधी मेडिकल कॉलेज के सभागार एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज में स्थित केन्द्र पर मतदान दलों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि मतदान कर्मियों को गहनता के साथ प्रशिक्षण दिया जाए। उन्हें हर बारीकी से अवगत कराया जाए। निर्वाचन आयोग के नियम और निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी जाए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि प्रशिक्षण स्थल पर उपलब्ध ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन में हेण्ड्स ऑन प्रशिक्षण अवश्य करें। अभी प्रशिक्षण कर लेने से मतदान दिवस के दिन कार्य समय पर पूरा कर सकेंगे। कलेक्टर ने कहा कि बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

उधर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋतुराज सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण केन्द्र पर नियुक्त पर्यवेक्षक, मास्टर ट्रेनर से समन्वय रखने के लिए जिला पंचायत में पदस्थ अधिकारियों की ड्यूटी लगाई हैं। जारी आदेश अनुसार डॉ. पूर्णिमा चौरसिया परियोजना अधिकारी जिला पंचायत की गांधी मेडिकल कॉलेज में, संतोष झारिया जिला समन्वय की बीएसएस कॉलेज में, श्रीमती मालती राजपूत सहायक परियोजना अधिकारी की शहीद भवन में, श्रीमती शिखा सिंह परियोजना अर्थशास्त्री की शासकीय पॉलिटेक्निक में, श्रीमती मनीषा वाजपेयी ऑडिटर की माडल स्कूल टीटी नगर में, हीरालाल महोबिया वरिष्ठ डाटा मैनेजर की कुकक्ट भवन वैशाली नगर में एवं गिरीश तावसे सहायक प्रबंधक वित्त को समन्वय भवन में डयूटी लगाई गई हैं।

### 16 हजार कर्मचारी करेंगे ड्यूटी

भोपाल शहर में विधानसभा चुनाव के लिए 16 हजार सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हे। इनमें से प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 10 से अधिक कर्मचारी तो 3 हजार कर्मचारी उड़नदस्ता, और जांच दल में तो करीब दो हजार कर्मचारी आरक्षित रहेंगे।

### ढाई सौ ने अलग अलग बहाने बता कर मांगी छुट्टी

चुनावी ड्यूटी लगने का आदेश मिलते ही कई सराकारी कर्मचारियों ने अलग अलग बहाने बता कर छुट्टी मांगना शुरू कर दी है। इनमें से किसी ने नवजात शिशु होने का बहाना बताया तो किसी ने सास की सेवा करने की बात कही। कई कर्मचारियों ने तो अपनी उच्च रक्तचाप और बीमारी का और रात में नहीं दिखने का बहाना बताकर अवकाश की मांग की। इस तरह कुछ 260 कर्मचारियों ने छुट्टी मांगी। हालांकि इनकी चिकित्सा जांच के लिए प्रशासन ने मेडिकल बोर्ड बनाया है जो इनके इलाज, जांच रिपोर्ट और दवाओं की जांच करेगा।

# चुनाव की ड्यूटी पर नहीं पहुंचे 5 कर्मचारी तो हुए निलंबित

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों की विधानसभा चुनाव में ड्यूटी लगाई गई है। लेकिन आयोग के आदेशों का पालन न करते हुए पांच कर्मचारी चुनाव ड्यूटी से अनुपस्थित रहे। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर आशीष सिंह ने कार्रवाई करते हुए उनको निलंबित कर दिया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि विधानसभा चुनाव के चलते प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लगी है। प्रशासन ने इसका कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने शासकीय कर्मचारी गोपाल प्रसाद शर्मा, शुभम जाधव, अमर यादव, मोहनलाल कश्यप और रमेश वानखेड़े की चुनाव ड्यूटी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में लगाई थी, लेकिन यह पांचों तय की गई ड्यूटी पर कार्यस्थल पर नहीं पहुंचे। इसके चलते उन पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। इनमें से गोपाल प्रसाद शर्मा शीघ्र लेखक नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, शुभम जाधव सहायक ग्रेड 3 कार्यपालन यंत्री अनुरक्षण भोपाल, अमर यादव भृत्य बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, मोहनलाल कश्यप भृत्य कार्यालय प्राचार्य पूर्व प्रशिक्षण एवं रमेश वानखेड़े मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में कार्यरत हैं।

# पुलिस आयुक्त ने कहा बदमाशों के खिलाफ कार्यवाही के साथ सोशल मीडिया पर नजर रखें

**भोपाल, देशबन्धु।** पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने विधानसभा चुनाव एवं नवरात्री सहित अन्य पर्वों के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर गुरुवार को सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक में अपराधियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए है । पुलिस आयुक्त श्री मिश्र ने चुनाव संबंधी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, अपराधों के निराकरण, संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण, क्षेत्रों की जांच फ्लैग मार्च, इत्यादि की विस्तृत जानकारी लेकर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराना हम सबकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, इसके लिए सभी अधिकारी व थाना प्रभारी अतिसंवेदनशील होकर आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाएं। गुंडे, बदमाशों के खिलाफ लगातार प्रतिबंधात्मक तथा मादक पदार्थों व अवैध हथियार



तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करें। क्षेत्र में लगातार भ्रमण करें और शेष लाइसेंसी हथियार जल्द से जल्द थानों में जमा कराएं । श्री मिश्र ने कहा कि नवरात्रि एवं दशहरे के मद्देनजर झांकी आयोजकों, रामलीला समिति, नगर रक्षा समिति एवं गणमान्य नागरिकों से संवाद कर चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों से अवगत कराएं । साथ ही झांकियों एवं कार्यक्रम स्थलों पर आमजनों की सुरक्षा हेतु सभी महत्वपूर्ण इन्तजाम रखने, सीसीटीवी लगवाने हेतु तथा त्यौहार शांति पूर्ण तरीके मनाने हेतु अपील करें तथा असामाजिक तत्वों पर नजर रखे । त्यौहारों के दौरान सभी थाना प्रभारी रात्री 1 बजे तक थाना क्षेत्र में रहें तथा सोशल मीडिया पर नजर रखे। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अनुराग शर्मा एवं समस्त डीसीपी, एडशनल डीसीपी एवं समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहे ।

# सड़क पार कर रही महिला को कार ने रौंदा, मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** खजूरी सड़क थाना इलाके में पैदल सड़क पार कर रही एक महिला को तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात कार ने रौंद दिया। इस हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से टक्कर मारकर भागी कार के बारे में जानकारी जुटा रही है।

खजूरी सड़क थाना पुलिस के मुताबिक 43 वर्षीय शीला पत्नी विकास सेन ग्राम भैंसाखेड़ी में रहती थी। वह गृहणी थी। बुधवार दोपहर वह घर के पास मुख्य सड़क को पैदल पार कर रही थी। इस दौरान सड़क पर तेज रफ्तार से चल रही कार ने कुचल दिया। घायल महिला को उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल भेजा गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। इसके साथ ही पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

### वृद्धा को कुचलने वाले वाहन का सुराग नहीं

उधर, गांधी नगर के प्रताप वार्ड में रहने वाली वृद्धा महिला को कुचलकर भागे वाहन का पुलिस डेढ़ माह बाद भी सुराग नहीं लगा सकी है। 62 वर्षीय शकुनबाई पत्नी सत्यनारायण शर्मा गृहणी थीं। उनके पति मंदिर में पुजारी हैं। शकुनबाई रोजाना की तरह 27 अगस्त की सुबह छह बजे घर के पास टहलने निकली थीं। इस दौरान अज्ञात वाहन उन्हें कुचलकर भाग गया था। राहगीरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां कुछ देर बाद ही उन्होंने दम तोड़ दिया था। पुलिस डेढ़ माह बाद भी वृद्धा महिला को कुचलकर भागे वाहन का सुराग नहीं लगा सकी है।

# नर्सिंग छात्रा का एटीएम बदलकर खाते से 26 हजार रुपए निकाले

**भोपाल, देशबन्धु।** अशोका गार्डन इलाके में नर्सिंग छात्रा का एटीएम कार्ड बदलकर जालसाज ने उसके बैंक खाते से 26 हजार रुपए रुपये निकाल लिए। पिता के मोबाइल पर संदेशय पहुंचने पर छात्रा को इस ठगी की जानकरी हुई। उसके बाद छात्रा ने थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस के मुताबिक आकांक्षा सिंह पुत्र देवेंद्र सिंह उम्र 18 वर्ष मूलत: मैहर की रहने वाली है। फिलहाल वह अशोका गार्डन स्थित कन्या छात्रावास में रहती है। बुधवार दोपहर उसे रुपयों की जरूरत थी तो वह अशोका गार्डन सब्जी मंडी चौराहा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम पहुंची। यहां आकांक्षा ने एटीएम से रुपये निकालने का प्रयास किया, लेकिन रुपये नहीं निकले। इस दौरान उसके पीछे एक युवक खड़ा हुआ था, जिसने उसका पिन नंबर देख लिया था। इसके बाद युवक कहने लगा कि शायद एटीएम खराब है। ऐसा कहते हुए छात्रा की मदद के बहाने उसने एटीएम कार्ड ले लिया और जब पैसे नहीं निकले तो कार्ड देकर चला। इस दौरान उसने छात्रा का कार्ड बदल दिया था। लिहाजा जालसाज ने शाम को उक्त कार्ड के मार्फत उसके बैंक खाते से 25 हजार सात सौ रुपए निकाल लिए। पिता के मोबाइल पर इसका संदेश पहुंचने पर उन्होंने बेटी से जानकारी ली तब आकांक्षा को इस ठगी की जानकरी हुई। उसके बाद छात्रा ने थाने पहुंचकर घटना की शिकायत की। छात्रा की शिकायत पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपी की पहचान के लिए एटीएम और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की तस्वीरें खंगाली जा रही हैं।

# विश्व दृष्टि दिवस पर दी आंखों की देखभाल की जानकारी

**भोपाल, देशबन्धु।** आंखों की देखभाल के प्रति जागरूकता, आंखों की सुरक्षा और दृष्टि संरक्षण के महत्व के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व दृष्टि दिवस का आयोजन गुरूवार को किया गया।

इस अवसर पर जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नेत्र रोग विशेषज्ञों और नेत्र सहायकों द्वारा आंखों की जांच एवं नेत्र देखभाल की सलाह दी गई। हेल्थ एंड वैलनेस केंद्रों में आंखों की देखभाल के लिए परामर्श सत्र एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि नेत्र रोगों के उपचार एवं देखभाल के लिए राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत स्कूली बच्चों की आंखों की जांच, निशुल्क चश्मा वितरण, मोतियाबिंद के ऑपरेशन, नेत्रदान जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को अंगदान के लिए भी जागरूक एवं प्रोत्साहित कर पंजीयन करवाया जा रहा है। नेत्रदान अथवा अंगदान के इच्छुक लोग राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर से विस्तृत जानकारी लेकर स्वैच्छिक पंजीयन करवा सकते हैं।




# अब अपर आयुक्त निरीक्षण कर रखेंगे सफाई पर नजर




**भोपाल, देशबन्धु।** चुनावी आचार संहिता के दौरान अब शहर की सफाई चुस्त-दुरूस्त करने के लिए नगर निगम आयुक्त के साथ अब अपर आयुक्त विधानसभावार निगरानी कर रहे हैं।

इसी कड़ी में गुरुवार को अपर आयुक्त निधि सिंह ने जोन 7व 8 के पांच नंबर, शिवाजी नगर, दुर्गा पेट्रोल पम्प, रविशंकर मार्केट, न्यू मार्केट सहित अन्य क्षेत्रों में सफाई का जायजा लिया। इसी तरह गुणवंत सेवतकर ने जोन क्रमांक 18, 19 व 13 के अमरनाथ रोड, साईंनाथ कॉलोनी, महाबली नगर, बंजारी हिल्स, संजय नगर, दानिश हिल्स में निरीक्षण किया। वहीं पवन सिंह जोन 16, 17 व 12 के अयोध्या बायपास, रायसेन रोड, भंवर नगर के मुख्य मार्ग समेत अन्य क्षेत्रों में निरीक्षण किया। अपर आयुक्त विनीत तिवारी ने जोन 1, 2, 5, 6 व 20 के पीरगेट, लखेरापुरा रोड समेत अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया तो रणबीर कुमार ने जोन क्रमांक 4 व 11 के अंतर्गत नादरा बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन प्लेटफ ार्म क्र. 6, शांति नगर, काजी कैम्प, छोला रोड आदि क्षेत्रों में साफ सफ ाई व्यवस्था का जायजा लिया, जबकि टीना यादव ने जोन 6 व 21 में निरीक्षण किया।

# अब कम्प्यूटरीकृत ही जारी होगी भू-अधिकार पुस्तिका

**भोपाल, देशबन्धु।** किसानों को भू-अधिकार पुस्तिका उपलब्ध कराने के लिए राजस्व विभाग द्वारा दिशा निर्देश जारी किये गये है। जारी निर्देशों के तहत अब नवीन भू-अधिकार पुस्तिका कम्प्यूटरीकृत रूप में ही जारी होगी। पूर्व में जारी भू अधिकार पुस्तिका यथावत् प्रचलन में रहेगी। परन्तु नवीन भू-अधिकार पुस्तिका कम्प्यूटरीकृत रूप में ही जारी होगी। भू-अधिकार पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ हेतु 30 रूपये एवं अतिरिक्त प्रति पृष्ठ 15 रुपये शुल्क निर्धारित है। भू-अधिकार पुस्तिका न्यूनतम दो पृष्ठों की होगी, इस प्रकार दो पृष्ठों की भू-अधिकार पुस्तिका की कीमत 45 रुपये निर्धारित की गई है। अतिरिक पृष्ठ जोड़े जाने पर प्रतिपृष्ठ 15 रुपये देय होगा। भू-अधिकार पुस्तिका शुल्क अदा करने पर भूलेख पोर्टल पर ऑनलाइन, आईटी सेन्टर, लौक सेवा केन्द्र एवं शासन द्वारा प्राधिकृत सेवा प्रदाता से प्राप्त की जा सकेगी।

# सडक़ के लिए नहर किनारे काटे 50 पेड़, अब उच्चस्तर से रूकवाया काम

### रहवासियों ने किया था विरोध प्रदर्शन

**भोपाल, देशबन्धु।** ग्राम सलैया स्थित शिवांगन कॉलोनी के पास नहर किनारे निजी जमीन तक पहुंचने बनाई जा रही सडक़ का काम गुरुवार को रुकवा दिया गया है।

दरअसल नर्मदापुरम मार्ग पर ग्राम सलैया में स्थित शिवांगन कॉलोनी के पास नहर किनारे निजी जमीन तक पहुंचने बनाई जा रही सडक़ के लिए करीब 50 पेड़ काटे गए थे। स्थानीय रहवासियों ने नहर किनारे हरियाली खत्म कर सडक़ बनाने के काम का विरोध किया था। इसे लेकर प्रदर्शन भी किया था। हालांकि शुरुआत में इस प्रदर्शन और शिकायत पर ध्यान नहीं दिया गया। यही वजह रही कि सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री नितिन कोहिकर के मौके पर निरीक्षण के बावजूद सडक़ का काम शुरू हो गया था। इस पर रहवासियों ने उच्चस्तर पर शिकायत की तो प्रमुख सचिव को खुद इसमें हस्तक्षेप करना पड़ा, जिसके बाद ये काम रूका। यहां के रहवासी प्रदीप कुमार के अनुसार सड़क के लिए करीब 50 पेड़ों की कटाई की गई है और सिंचाई विभाग की जमीन पर सडक़ का काम भी शुरू किया गया, ऐसे में ये सरकारी जमीन पर निर्माण का मामला है और इसमें सिंचाई विभाग को प्रकरण दर्ज कराना चाहिए। लेकिन सिंचाई विभाग के संबंधित यंत्री मामले में ज्यादा रूचि नहीं ले रहे। हालांकि उच्चस्तर से आदेश के बाद काम जरूर रूकवाया है।

# पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को दबोचा, ढाई सौ ग्राम चरस बरामद

**भोपाल, देशबन्धु।** क्राइम ब्रांच पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब ढाई सौ ग्राम चरस बरामद की गई है। बताया गया है कि पकड़ा गया आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ कई थानों में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।


क्राइम ब्रांच के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली थी कि मादक पदार्थ तस्कर राजेश शर्मा नयापुरा कोलार में देखा गया है। इस पर थानारस्तर पर अधिकारियों को जानकारी दी गई और आरोपित की तलाश शुरू की गई। क्राइम ब्रांच के एक दल को कोलार के देवबाबा मंदिर के पास भेजा गया, जहां से पुलिस दल ने एक संदेही को हिरासत में लेकर क्राइम ब्रांच थाने लाया गया। पूछताछ करने पर उसकी पहचान नयापुरा कोलार निवासी 53 वर्षीय राजेश शर्मा उर्फ पंडित के रूप में हुई। पूछताछ में उसने बताया कि करीब एक माह माह पहले शाहजहांनाबाद निवासी मोहम्मद ताहिर से 8 सौ ग्राम चरस खरीदी थी। इसका कुछ हिस्सा वह बेच चुका था। बची हुई चरस अपने जींस के दाहिने जेब मे रखी होना बताया। राजेश शर्मा ने अपनी जींस की दाहिनी जेब में से एक काले रंग की पन्नी निकाली, जिसके अंदर खाकी टेप से लिपटा हुआ एक खुला पैकेट था । उसके अदंर काले मटमैले नमीयुक्त एवं गंधयुक्त पदार्थ रखा था। यह पदार्थ चरस था। कुल 250 ग्राम मादक पदार्थ बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया और उसे अदालत में पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया गया है कि राजेश के खिलाफ पूर्व में कई थानों में आपराधिक प्रकरण दर्ज है वहीं उसके कुछ साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरा युवक,मौत

### पत्नी बच्चों को लेकर चली गई थी मायके

**भोपाल, देशबन्धु।** निशातपुरा थाना इलाके में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरने के कारण मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह शराब के नशे में सोने की लिए अपने घर की छत पर गया था। सुबह उसका शव पड़ोस के मकान की छत पर पड़ा देखा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

निशातपुरा थाना पुलिस के अनुसार 30 वर्षीय अजय मीना कृषक नगर इलाके में किराए के मकान में अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता था। वह निजी काम करता था। उसके माता-पिता सहित पूरा परिवार बिलखिरिया इलाके में रहता है। लेकिन सात वर्ष पहले प्रेम विवाह करने के बाद अजय परिवार से अलग होकर कृषक नगर में आकर रहने लगा था। उसे शराब पीने की लत थी। पिछले कुछ माह से वह लोगों से उधार रुपये लेकर शराब पीने लगा था। मंगलवार को उसने पत्नी का मोबाइल फोन गिरवी रख दिया था। उससे मिले रुपयों से भी अजय शराब पी गया था। इस बात को लेकर उसका पत्नी से झगड़ा भी हो गया था। विवाद के बाद पत्नी, बच्चों को लेकर



नवीबाग स्थित अपने मायके चली गई थी। उधर अजय बीती रात में शराब के नशे में मकान की छत पर सोने चला गया था। सुबह 11 बजे लोगों ने उसे पड़ोस के मकान की छत पर मृत अवस्था में पड़े देखा तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। साथ ही मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस का अनुमान है कि नशे की हालत में रात में वह अपने मकान की छत से पड़ोस के मकान की छत पर पर गिर पड़ा होगा। गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खाद्य सामग्री के नमूने लिए गए

**भोपाल, देशबन्धु।** राजस्व, आबकारी तथा खाद्य सुरक्षा प्रशासन के संयुक्त दलों द्वारा अयोध्या बाईपास स्थित वीरा द ढ़ाबा से पनीर, गेहूँ का आटा, मक्के का आटा तथा खाद्य तेल, राजदरबार फैमिली रेस्टोरेंट से पनीर तथा आटा, हमीदिया रोड़ स्थित होटल संगम से पनीर, धनिया पाउडर, हल्दी पाउडर, होटल खजुराहो रीजेंसी से ग्रेवी तथा चावल, तथा बावड़िया कला स्थित 2 स्टेट्स रिसॉर्ट से पनीर तथा धनिया पाउडर के नमूने परीक्षण के लिए गए हैं। नमूनों को विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है। नमूनों के परिणाम प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दोषियों पर विधिक कार्यवाही की जायेगी। । निरीक्षण की कार्यवाही डिप्टी कलेक्टर अजय कुमार शर्मा, पीसी. पाण्डेय और मुनव्वर खान के निर्देशन में आबकारी विभाग तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार दुबे, भोजराज सिंह धाकड़, जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा तथा श्रीमती साधना सक्सेना द्वारा की गई।

देशबन्धु

भोपाल, शुक्रवार 13 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# आशा पारेख का जायज सवाल

वैसे तो कोई अपनी कमाई से कितना अपने पास रखता है और कितना लोगों के बीच बांट देता है, यह पूरी तरह से उसका निजी निर्णय होता है, लेकिन जब कोई ऐसे विशिष्ट उपक्रम करता है जिसका लक्ष्य किसी व्यक्ति या समुदाय विशेष की स्थिति की ओर लोगों का ध्यान आकृष्ट करना हो तो इस तरह की उम्मीद करना नाहक नहीं कहलायेगा, कि इससे हुई कमाई का थोड़ा-बहुत हिस्सा उन लोगों तक पहुंचे, जिसे या जिन्हें केन्द्र में रखकर वह काम किया गया हो और उससे बड़ी आय या आर्थिक लाभ काम करने वाले को मिला हो।

इस बात का सन्दर्भ पिछले वर्ष विवेक अग्निहोत्री द्वारा कश्मीरी पंडितों के पलायन एवं उनकी तकलीफों पर बनाई गई फिल्म 'दी कश्मीर फाइल्स' से जुड़ता है। बुधवार को बीते दिनों की सिने स्टार आशा पारेख द्वारा एक न्यूज़ चैनल' के कार्यक्रम में दिये उस बयान से जुड़ता है, जिसमें उन्होंने पूछा कि 'इस फिल्म से अग्निहोत्री ने इतने पैसे कमा लिये पर उन्होंने कश्मीरी हिन्दुओं पर कितनी राशि खर्च की?' इस फिल्म के बारे में कहा जाता है कि उसकी लागत 15-20 करोड़ रुपये मात्र थी जबकि उसने 400 करोड़ रुपए का लाभ कमाया। दो फिल्मफेयर, पद्मश्री एवं दादासाहेब फालके पुरस्कारों से सम्मानित 81 वर्षीया अदाकारा ने कहा कि उन्होंने फिल्म नहीं देखी है इसलिये वे उसके विवादास्पद पहलुओं पर कुछ नहीं कहेंगी। यह पूछने पर कि क्या ऐसी फिल्में बननी चाहिये, उन्होंने कहा कि अगर लोग देखना चाहते हैं तो बनती रहें। निर्माताओं का हिस्सा 200 करोड़ रुपये का अनुमान लगाते हुए उन्होंने सवाल किया कि जम्मू-कश्मीर में हिन्दू बगैर बिजली-पानी के रह रहे हैं पर क्या निर्देशक ने अपने लाभ से कुछ उनकी मदद की?

यह फिल्म उसी समय विवाद में आ गई थी, जब माना गया था कि इसके निर्माण का उद्देश्य कश्मीरी पंडितों के खिलाफ आतंकवादियों का उत्पीड़न दिखलाते हुए हिन्दुओं की भावनाओं को भड़काना है जिससे भारतीय जनता पार्टी के साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का एजेंडा सधता हो। इसमें फिल्म को आंशिक सफलता भी मिली थी लेकिन लोगों को यह खेल समझ में आ चुका है क्योंकि इस फिल्म का स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रचार करते नज़र आये थे। उन्होंने इस फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग कराई और मंत्रियों व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर इसे देखा था। इतना ही नहीं, उन्होंने लोगों से इसे देखने की अपील भी की थी। इसके बाद आई 'दी केरला स्टोरी' का भी राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास भाजपा ने कर्नाटक के विधानसभा चुनाव के पहले किया था। छोटे पर्दे के सीरियलों से अपना निर्देशकीय कैरियर बनाने वाले अग्निहोत्री को हिन्दुवादी राजनैतिक सोच वाला व्यक्ति माना जाता है जिनकी फिल्मों का उद्देश्य अब भाजपा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिये फिल्में बनाकर जन समर्थन हासिल जुटाना रह गया है। इस फिल्म को 'नरगिस दत्त राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया था। यानी माना गया कि इस फिल्म से भारत की एकता मजबूत होती है। वास्तविकता तो यह है कि इसका उद्देश्य लोगों को जोड़ना नहीं वरन बांटना है। अग्निहोत्री की हाल ही में आई एक और मूवी 'दी वैक्सीन वॉर' कोरोना के दौरान भारत की कोविड निरोधी टीके बनने की कहानी है जिसमें यह बतलाने की कोशिश है कि देश आज जो खुली सांसें ले रहा है वह इन्हीं वैक्सीनों के कारण है और फिल्म में अप्रत्यक्ष रूप से इसका पूरा श्रेय नरेन्द्र मोदी की कार्यप्रणाली व दृष्टिकोण को दिया गया है।

अग्निहोत्री किस तरह से इन भावनाओं के दोहन द्वारा आर्थिक लाभ कमाते हैं, उसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके बारे में एक अखबार ने प्रकाशित किया कि 'दी कश्मीर फाइल्स' के माध्यम से विवेक एवं निर्माता के रूप में उनकी अभिनेत्री पत्नी पल्लवी जोशी ने मुंबई के वर्सोवा में करीब 20 करोड़ रुपये का एक लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा है। कुछ समय बाद उनके अपनी पत्नी के साथ बैंकॉक की खर्चीली यात्रा की तस्वीरों ने भी सनसनी फैलाई थी। लोगों ने तंज कसा था कि देश में हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा लगाकर ये लोग विदेश में मौज-मस्ती कर रहे हैं। पल्लवी ने ही फिल्म 'दी कश्मीर फाइल्स' में नायिका की भूमिका निभाई थी। महंगे घर खरीदने या विदेशों की सैर करने पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है और न होनी चाहिये। ऐसा वे सारे करते हैं जो इस तरह से पैसे कमाते हैं, लेकिन आशा पारेख का सवाल अपनी जगह पर खड़ा है और इसलिये जायज है कि वे ऐसी फिल्में बनाने वाले की मंशा और प्रयोजन पर सवालिया निशान लगाती हैं। इस फिल्म को देखकर लोगों का कश्मीरी आतंकवादियों के बहाने मुस्लिमों के खिलाफ रोष बढ़ा था जो भाजपा के वोट बैंक को बढ़ाता है।

आशा पारेख अत्यंत सम्मानित अभिनेत्री रही हैं जिनका बहुत सफल फिल्मी कैरियर रहा है और विवादों से हमेशा परे रही हैं। वे निर्विवाद रूप से हर मायने में एक सफल अदाकारा रही हैं जिन्हें जीवन में सब कुछ मिल चुका है जिन्हें कुछ और पाना नहीं बचता। इसलिये उन पर यह आरोप नहीं लग सकता कि उन्होंने कुछ पाने के लिये ऐसा बयान दिया है या यह कोई उनका पब्लिसिटी स्टंट है। उन्हें अब अपना कोई प्रचार नहीं करना है क्योंकि शोहरत की बुलन्दियों को वे काफी पहले छूकर उतर चुकी हैं। इसलिये विवेक अग्निहोत्री को उनकी बात का जवाब देना चाहिये। इस देश ने डेनी बॉयल को भी देखा है जिन्होंने मुंबई की झोपड़पट्टियों में रहने वालों के जीवन पर बनी अपनी मूवी 'स्लमडॉग मिलेनियर' को मिले आस्कर पुरस्कार की राशि का एक हिस्सा बाल कलाकारों को दिया था।

# विधानसभा चुनावों के बीच 'एक देश एक चुनाव' का शोर

देश के पांच राज्यों में चुनाव निर्धारित हो चुके हैं। तारीखें भी घोषित हो चुकी हैं। अब फ़र्ज़ कीजिये कि इन राज्यों के मतदाताओं को यदि देश के लिए भी मतदान (अगर कुछ राज्य में होते भी हैं) करना पड़े तो क्या यह उन पर किसी तरह का अतिरिक्त बोझ होगा या यह बिल्कुल सहज होगा? देश, प्रदेश और फिर स्थानीय मुद्दे क्या गड्डमड्ड नहीं होंगे? या यह ठीक होगा कि देश के मुद्दों को ध्यान में रखते हुए मतदाता अपने विधायक और पार्षद को भी चुन लें या फिर स्थानीय मुद्दों के हिसाब से देश के लिए अपने सांसद चुन लें? तीन तरह के प्रत्याशी एक साथ उनके दरवाज़ों पर आएंगे। यूं सभी आते भी कहां हैं फिर भी क्या यह हालात कोई दुविधा पैदा नहीं करेंगे? गर दलों की संख्या दो से ज़्यादा हुई तब तो निर्दलियों के साथ मतदाताओं का चकरघिन्नी होना तय है। हाल ही में राजस्थान चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने जो अपने फैसले पर दोबारा विचार न किया होता तो उसका चकरघिन्नी होना तय ही था। तारीख़ बदलने का पूरे राजस्थान में स्वागत हो रहा है। पहले आयोग ने राजस्थान में चुनाव की तारीख़ 23 नवंबर घोषित की थी। यह तिथि बदलनी पड़ी क्योंकि उस दिन देवउठनी एकादशी है। राज्य भर में हज़ारों शादियां इस दिन होती हैं। इसे 'अबूझ सावा' माना जाता है यानि ब्याह शादी के लिए सबसे शुभ मुहूर्त है जिसमें पंडित से पूछने की भी कोई ज़रूरत नहीं। ब्याव और चुनाव के इस टकराव में ब्याव जीते। अब विधानसभा चुनाव की नई तारीख़ 25 नवंबर है।

कहने का आशय यह है कि जब मतदाता की सहजता और सुविधा को यहां तवज्जो दी जा रही है तो फिर उसे एक साथ तीन-तीन चुनावों की दुविधा में क्यों डाला जा रहा है। 'एक देश एक चुनाव' का यही तो मकसद है कि लोकसभा, विधानसभा और नगर निकायों के चुनाव एक साथ करा लिए जाएं, संविधान में चार-पांच संशोधन कर दिए जाएं, कुछ विधानसभाएं भंग कर दी जाएं, कुछ के समय से पहले ही चुनाव करा लिए जाएं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश एक चुनाव' के लिए गठित समिति में आठ सदस्य हैं और समिति ने कह दिया है कि राज्यों से पूछने की कोई आवश्यकता नहीं है और इसे प्रस्तावित परिसीमन के बाद 2029 में लागू किया जा सकता है। कहा जा सकता है कि परिसीमन के बाद नई सीटें बनाकर महिला आरक्षण को और फिर देश को एक चुनावी मोड में डाला जा सकता है। 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' का तो तहेदिल से स्वागत हुआ लेकिन क्या जनता एक ही बार में चुनाव के लिए तैयार है?

वोटर हर चुनाव में अलग तरीके से सोचता है। देश, प्रदेश और नगर निकायों में प्राथमिकताएं अलग होती हैं। मुद्दे भी अल्हदा होते हैं। नगर निकाय के ज़रिये वह मोहल्ले में अच्छे पार्क और साफ़-सफ़ाई की अपेक्षा करता है तो प्रदेश में उसे बिजली, सड़क, पानी, अच्छे स्कूल और उम्दा स्वास्थ्य केंद्रों की अपेक्षा होती है। देश में शायद उसे आंतरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता का मुद्दा प्रभावित करता हो। जब सबकी भूमिकाएं अलग-अलग हैं तब सब एक साथ क्यों? एक ही समय में मतदाता पर इतना बोझ लादने की क्या ज़रूरत है? उसे कंफ्यूज़ क्यों करना है? ये कैसे ठीक होगा कि एक ही दिन में वह तीन अलग-अलग ठप्पे लगा आए और जो ऐसा नहीं होगा तो फिर सारी कवायद का क्या फायदा? खर्च बचाने का तर्क फिर कैसे काम करेगा?



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

> वोटर हर चुनाव में अलग तरीके से सोचता है। देश, प्रदेश और नगर निकायों में प्राथमिकताएं अलग होती हैं। मुद्दे भी अल्हदा होते हैं। नगर निकाय के ज़रिये वह मोहल्ले में अच्छे पार्क और साफ़-सफ़ाई की अपेक्षा करता है तो प्रदेश में उसे बिजली, सड़क, पानी, अच्छे स्कूल और उम्दा स्वास्थ्य केंद्रों की अपेक्षा होती है। देश में शायद उसे आंतरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता का मुद्दा प्रभावित करता हो।

इसमें जनता का फायदा तो उतना नहीं है लेकिन नेताओं का बेशक है जिन्हें बार-बार चुनावों में दौरे करने पड़ते हैं। अगली बार वे चाहते हैं कि एक ही बार निकलें और सारे काम हो जाएं। ठीक वैसे ही जैसे फसल अच्छी होने पर अक्षय तृतीया का मुहूर्त देखकर किसान अपने सारे बच्चों की शादी एक साथ कर देता है; फिर चाहे बच्चों की उम्र शादी लायक हो या न हुई हो। एक ही बार बिरादरी को भोजन कराना पड़ेगा, बच्चों की उम्र, मर्ज़ी आदि कोई मायने नहीं रखती। केंद्र की सरकार भी यही करने जा रही है। कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश एक चुनाव' के लिए आठ सदस्यीय समिति का गठन कर दिया गया है। समिति में गृहमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आज़ाद, वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह तथा वकील हरीश साल्वे शामिल हैं। चौधरी एक महीने पहले ही इसमें शामिल होने से इंकार कर चुके हैं। उनका कहना था कि समिति का निर्णय मंथन से पहले ही तय कर दिया गया है इसलिए इसका कोई औचित्य नहीं रह गया है। गौरतलब है कि लॉ कमीशन ने अपनी रिपोर्ट लोकसभा और विधानसभा के एक साथ चुनाव को लेकर सौंपी थी लेकिन समिति ने निकाय चुनावों को भी शामिल कर लिया है।

सबसे पहले 1983 में चुनाव आयोग ने 'एक देश एक चुनाव' पर अपनी औपचारिक रिपोर्ट दी थी। आयोग का कहना था कि लोकसभा और राज्यों के चुनाव एक साथ कराने से खर्च की बचत होगी और देश बार-बार चुनाव कराने के भार से भी मुक्त होगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी इस विचार के मुखर समर्थक थे। उन्होंने 1999 में चुनकर आने के बाद 'एक देश एक चुनाव' के विचार को दोहराया। फिर 2017 में नीति आयोग ने चुनाव से जुड़े टाइम टेबल को व्यवहारिक जामा पहनाया। बाद में लॉ कमीशन ने भी इस पर अपना मसौदा पेश किया। जनवरी, 2018 में जब कोविंद राष्ट्रपति थे तब उन्होंने अपने भाषण में 'एक देश एक चुनाव' का ज़िक्र भाजपा सरकार के बड़े सुधार के रूप में किया था और अब वे ही इस समिति के अध्यक्ष भी हैं। सरकार इसे लागू करने के लिए लगभग तैयार भी मालूम हो रही है। वैसे कहा जाता है कि औसतन हर तीन महीने में देश में कहीं न कहीं चुनाव होते हैं। ऐसा तब भी होगा जब कोई सरकार अल्पमत में आएगी, किसी सदस्य का देहांत होगा या किसी सरकार को केंद्र ही बर्खास्त न कर दे। 1967 तक देश में एक साथ ही चुनाव होते थे। फिर केरल की सरकार को बर्खास्त किये जाने के बाद यह सिलसिला टूटा और उसके बाद तो देश ने कई भंग सरकारें, मध्यावधि चुनाव और उपचुनाव देखे। यदि केंद्र के पास राज्यों की चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त करने की शक्ति (अनुच्छेद 356) बनी रहेगी तब 'एक देश एक चुनाव' के कोई मायने नहीं है।

फ़िलहाल सरकार को राज्यों की सहमति भी अब ज़रूरी नहीं मालूम हो रही। ऊपर से लिए गए फैसले के साथ यह व्यवस्था राज्यों की स्वतंत्रता को कितना बरक़रार रख पाएगी और भविष्य में यह किस रूप में सामने होगी, इस पर गहन विचार के बाद ही इसे लागू किया जाना चाहिए। राज्यों, शहरों और गांवों की अपनी आज़ादी ही देश के मज़बूत लोकतंत्र की बुनियाद है जिसका हनन नहीं होना चाहिए। अभी पांच राज्यों में चुनाव होने हैं और भारतीय जनता पार्टी का सशक्त चेहरा कोई है तो देश के प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी हैं। राज्यों के चुनाव में भी पार्टी ने उन्हें ही आगे रखा है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ऋषिकेश में शांति तलाश रहे थे, राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया को ड्राइविंग सीट से हटाकर पिछली सीट पर डाल दिया गया है और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन कुमार कुछ-कुछ लौटे हैं और कुछ शांत बने हुए हैं। वोट प्रधानमंत्री के चेहरे पर ही मांगे जा रहे हैं। चुनाव अलग-अलग भी हों अगर जो चेहरा एक ही शख्सियत का रहना है तो फिर एक देश एक चुनाव की भी क्या ज़रूरत है? ख़ैर, यह मज़ाक की बात नहीं है। इसे लागू करने से पहले इस पहलू पर गहरा विचार होना चाहिए कि एक चुनाव देश की संघीय व्यवस्था को कितनी मज़बूती देगा।एक व्यक्ति और एक मुद्दे की लहर किसी भी बड़ी पार्टी को बेलगाम ताकत दे सकती है। क्षेत्रीय पार्टियों और निर्दलियों का सूपड़ा साफ़ होने की आशंका हमेशा रहेगी। पब्लिक पॉलिसी से जुड़े मुद्दों के एक अध्ययन के मुताबिक देखा गया है कि अगर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते हैं तो 77 फ़ीसदी मतदाता दोनों जगह एक ही पार्टी को मत देते हैं और जो दोनों चुनावों में छह महीने का अंतर है तो एक ही पार्टी को वोट देने की सम्भावना 77 की बजाय 61 प्रतिशत रह जाती है। ज़ाहिर है कि इस सोच की गंगा में कौन सा दल डुबकी नहीं लगाना चाहेगा?

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)

# हमास-इजरायल युद्ध और भारतीय विदेश नीति की बारीकियां

■ अंजन रॉय

यह अप्रत्याशित नहीं है कि इज़रायल-हमास युद्ध ने भारत में दो मुख्य राजनीतिक दलों के बीच शब्दों और विचारों की लड़ाई शुरू कर दी है।

हमास के हमले को आतंकवादी कृत्य बताने और इजरायल को पूरा समर्थन देने के प्रधानमंत्री के बयान पर कांग्रेस की आलोचनाएं आमने-सामने आ गईं। अपने बयानों में, भारत की सबसे पुरानी पार्टी ने मध्य पूर्व संकट पर पारंपरिक भारतीय रुख को याद किया है और परोक्ष रूप से सरकार के दृष्टिकोण की आलोचना की है।

प्रधानमंत्री मोदी के बयान और कांग्रेस की आलोचनाओं को वास्तव में इज़रायल राज्य के निर्माण और अरब-इजरायल संघर्ष के बाद के इतिहास को समझे बिना भारतीय विदेश नीति की बारीकियों को समझा नहीं जा सकता।

प्रथम विश्व युद्ध के बाद 1920 के दशक में ब्रिटिश प्रधानमंत्री आर्थरजेम्सबालफोर द्वारा जारी एक प्रस्ताव द्वारा इज़रायल राज्य के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई थी। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, यूरोप में यहूदियों के नरसंहार और यातना और हत्याओं के अनुभव के साथ, यहूदियों के लिए एक नया गृह राज्य बनाने के लिए यरूशलेम के चारों ओर भूमि के एक टुकड़े को यहूदियों का राज्य बनाने का निर्णय किया गया।

द्वितीय विश्व युद्ध के तुरंत बाद अमेरिकी राष्ट्रपति हैरी एस. ट्रूमैन द्वारा इज़रायल के पहले प्रधानमंत्री बेनगुरियन के साथ एक समझौते के साथ फिलिस्तीन के आसपास की भूमि पर1948 में नया राज्य बनाया गया था। तब से, मुस्लिम मध्य पूर्व को लगा कि यह उस भूमि के स्थानीय लोगों को उखाड़कर बनाया गया राज्य है और उन्होंने इसे मिटा देने की प्रतिज्ञा की।

> यहूदियों पर अत्याचार और यहूदियों से जुड़ा कलंक यूरोपीय इतिहास में एक सतत प्रवृत्ति थी। यहूदी विरोध सर्वव्यापी था और यूरोप में ईसाइयों द्वारा यहूदियों से सचमुच नफरत की जाती थी। यहूदियों पर अत्याचार किया गया और अकसर उन्हें जिंदा जला देने की घटनाएं होती थीं।

दरअसल, यह एक हजार साल पुराना युद्ध और संघर्ष है। एक हजार साल पहले जब इजराइलिया यहूदी पूरी दुनिया में, खासकर यूरोप में फैल गये थे, तब इजराइलियों को मिस्र और फिलिस्तीनी भूमि से बाहर निकाल दिया गया था।

हालांकि, यहूदियों पर अत्याचार और यहूदियों से जुड़ा कलंक यूरोपीय इतिहास में एक सतत प्रवृत्ति थी। यहूदी विरोध सर्वव्यापी था और यूरोप में ईसाइयों द्वारा यहूदियों से सचमुच नफरत की जाती थी। यहूदियों पर अत्याचार किया गया और अकसर उन्हें जिंदा जला देने की घटनाएं होती थीं।

यहां तक कि प्रबुद्ध उदारवादी यूरोपीय बुद्धिजीवी भी तीव्र यहूदी-विरोध से ऊपर नहीं थे, सबसे जोरदार और अक्सर देखा जाने वाला शेक्सपियर का प्रसिद्ध नाटक, मर्चेंट ऑफ वेनिस है। नाटक में, शाइलॉक यहूदी व्यापारी एक ऋण चूककर्ता से एक पाउंड मांस मांगता है।

मानो अपराध की भावना से, यूरोपीय लोगों को लगा कि यह नया राज्य उनके सहस्राब्दी पापों से मुक्ति का अवसर प्रदान करता है। शायद, यह विभिन्न यूरोपीय देशों में अशकेनाज़ी यहूदियों से एक अच्छा छुटकारा भी था। यूरोपीय लोग ऐसे समाधान के लिए बाध्य हो सकते थे क्योंकि वे उस समय शक्तिशाली थे।हालांकि, मध्य पूर्व के देश यह स्वीकार नहीं कर सके कि यूरोपीय समाधान और समस्याएं नये राज्य की स्थापना के साथ ही शुरू हो गईं। युद्ध और टकराव इस क्षेत्र में स्थानिक हो गये। आज भी, ईरानी यहूदी राज्य के सबसे कट्टर और खुलेआम विरोधी हैं तथा यहूदी राज्य को नष्ट करने के समर्थक हैं। हालांकि, अन्य अधिक यथार्थवादी मध्य पूर्व के देशों ने इज़रायल की वास्तविकता को स्वीकार कर लिया है।

चारों ओर अस्वीकृति और शत्रुता की प्रक्रिया में, इज़रायल के यहूदियों ने बहुत तेजी से जीवित रहने की तकनीकें सीख लीं। हमास के इज़रायल पर वर्तमान हमले के पहले, इजरायल ने दुर्जेय सैन्य क्षमता के साथ-साथ एक अत्यधिक परिष्कृत खुफिया नेटवर्क भी विकसित किया था, उसे हमास ने काफी हद तक नष्ट कर दिया।

प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू के नेतृत्व में तैयार की गई स्वतंत्र भारत की विदेश नीति ने वंचितों और उन देशों के हित की वकालत की थी जो औपनिवेशिक प्रभुत्व के अधीन थे। अंग्रेजों से आजादी हासिल करने के बाद यह एक सामान्य प्रतिक्रिया थी।

भारत ने नये राज्य की स्थापना के दो साल के भीतर 17 सितंबर, 1950 को इज़रायल को मान्यता दे दी। पंडित जवाहरलाल नेहरू, जो उस समय प्रधानमंत्री थे, ने कहा कि भारत को इज़रायल को पहले ही मान्यता दे देनी चाहिए थी लेकिन इसमें देरी हुई।

फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन (पीएलओ) का भारतीय नेताओं के साथ सहज सौहार्द्र था, जिसमें इंदिरा गांधी भी शामिल थीं, जिन्होंने तेजतर्रार और प्रसिद्ध पीएलओ नेता यासर अराफात की मेजबानी की थी। बहुत बाद में, जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने भी फिलिस्तीनियों के प्रति अपनी सहानुभूति दिखाई।

2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद ही इज़रायल के साथ भारत के संबंध तेजी से विकसित हुए। घनिष्ठ सुरक्षा और रक्षा संबंधों के साथ संबंध विकसित हुए। इज़राइल, सैन्य हार्डवेयर उत्पादन में अपनी चतुराई के साथ, भारत के लिए रणनीतिक हथियार प्रणालियों और प्रौद्योगिकी का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता बन गया।

भारत को पड़ोस से लगातार आतंकवादी खतरे और चीन से सैन्य खतरों के आलोक में इज़रायल देश के हार्डवेयर और खुफिया प्रणालियों का एक प्रमुख स्रोत बन गया था। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कट्टर हितों ने बाहरी नीति रुख के पुन:अभिविन्यास को बढ़ावा दिया है।

हमास हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी के बयान, जिसमें हमास के भयानक आतंकवादी हमले के बाद इज़रायल के प्रति समर्थन और सहानुभूति व्यक्त किया गया था, में ऐसी आतंकवादी कार्रवाई के मामले में भारत की चिंता छिपी है। मुंबई में हुआ आतंकवादी हमला, जिसे अब 26/11 के नाम से जाना जाता है, और 2001 में संसद पर हमला भी, इस बात की याद दिलाते हैं कि भारत के साथ पहले क्या हुआ था। खुले समाज में आतंकी हमले का यह एकमात्र उदाहरण नहीं था।

पहले के दौर में खालिस्तानी आतंकवादियों के जघन्य अपराध और इसके खिलाफ बदले की भावना से होने वाली हत्याओं का अचानक भड़कना भी इस बात को रेखांकित करता है कि आतंकवाद एक स्थिर समाज और राजनीति के लिए क्या नुकसान कर सकता है। पश्चिमी सहानुभूति के चारों ओर दोहरापन है- घर पर आतंकवादी हमला अत्यधिक निंदनीय है और लोकतंत्र और उदारवाद के नाम पर प्रायश्चित किया जाता है। जब 2023 के आखिरी नौ महीनों में गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों की हत्याएं हुईं तो पश्चिमी देशों ने इजरायल के खिलाफ कुछ नहीं कहा।यदि संयुक्त राष्ट्र सहित वैश्विक शक्तियां प्रभावी ढंग से हस्तक्षेप नहीं करती हैं तो हमास-इजरायल युद्ध के पवित्र युद्ध में बदलने की पूरी संभावना है। भारत के लिए भी आतंकवाद के विरुद्ध सतत सतर्कता अनिवार्य हो गई है।

## पावन प्रसंग

# सबके लिए खुला है सुख का द्वार : भगवान महावीर

बास्यावस्था में ही भगवान महावीर में वैराग्य की भावना प्रबल होने लगी थी और उनका मन साधना में लीन होना चाहता था। इसीलिए उनका अधिकांश समय चिंतन और मनन में ही व्यतीत होता था। कुमार अवस्था को पार कर युवावस्था में प्रवेश करने पर भी उनका मन सांसारिक सुखों की ओर आकृष्ट नहीं हुआ। संसार के प्राणियों को दुखी देखकर उनका मन व्याकुल रहता था और वे संसार के दुखों के कारणों को दूर करने का उपाय खोजने के प्रयत्नों में लगे रहते थे। इसी उद्देश्य से उन्होंने गृह त्याग कर साधु जीवन व्यतीत करने का निश्चय कर लिया। उनको राजसी सुखों का, माता-पिता का मोह भी उनको उनके मार्ग से विचलित न कर सके।

मात्र तीस वर्ष की आयु में वे गृह त्याग कर, साधु जीवन व्यतीत करने लगे। वे इसी चिंता में लगे रहते कि संसार के दुखों का कारण क्या है? वे दुखी क्यों हैं? शाश्वत सुख कैसे प्राप्त किया जा सकता है। वे 12 वर्षों तक घोर तपस्या करते रहे। अंतत: बयालीस वर्ष की अवस्था में उन्हें संपूर्ण ज्ञान प्राप्त हुआ। उन्हें अतीन्द्रिय, अनन्त आत्मिक व परम आनंद की प्राप्ति हुई। तत्पश्चात वे तीस वर्ष तक लोगों को उनके दुख का कारण, दुख से मुक्ति के उपाय व शाश्वत सुख, अनन्त सुख का मार्ग बताते रहे। पूर्ण ज्ञान प्राप्त होने पर भगवान महावीर ने कहा- मनुष्य के दुखों का मूल कारण अज्ञान भी है। अत: मनुष्यों को अज्ञान से मुक्त होने का उपाय करना चाहिए। चिंतन-मनन, तप-त्याग व निरंतर ध्यान करने का अभ्यास करते रहना चाहिए। पूर्ण ज्ञान प्राप्त होने पर ही जीव को पूर्ण शाश्वत सुख की प्राप्ति होती है। पूर्ण ज्ञान की अवस्था ही मुक्ति की अवस्था है।

मुक्ति की अवस्था में ही आत्मा अनंत काल तक अतीन्द्रिय आनंद की अमुभूति करती रहती है। यह मुक्ति का द्वार प्रत्येक जीव के लिए समान रूप से सभी के लिए खुला है। तप, ध्यान के अभ्यास से कोई भी जीव सच्चे सुख की प्राप्ति कर सकता है। जीव की आंतरिक पवित्रता, संयम, अहिंसा, तप आदि ही साधन हैं। महावीर जी का स्पष्ट मत था कि मनुष्य की उच्चता व निम्नता उसके कर्मों से होती है उनके जन्म व वंश से नहीं। सिर मुंडा लेने से कोई श्रमण (संन्यासी) नहीं बन जाता, केवल ओंकार का जप करने से कोई ब्राह्मण नहीं बन जाता, निर्जन वन में रहने मात्र से मुनि नहीं बन जाता और केवल वल्कल वस्त्र धारण कर लेने से कोई तपस्वी नहीं बन जाता। इसके विपरीत समता पालने से श्रमण (संन्यासी), ब्रह्मचर्य का पालन करने से ब्राह्मण, चिंतन-मनन, ज्ञान से मुनि तथा तपस्या करने से तपस्वी होता है।

भगवान महावीर ने कहा केवल मेरे कहने से ही इसे सत्य नहीं समझो कि मैंने इसे कहा है, बल्कि अपने स्वयं के चिंतन-मनन व अनुभव से सत्य को जानो, तभी सत्य को समझो अस्तु हममें से कोई जिन्हें पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने की सच्ची उत्कंठा है, दुखों से मुक्ति पाने की सच्ची लगन है, व अनंत सुख, शाश्वत सुख प्राप्त करने की अभिलाषा है, वे महावीर के अनुसार स्वयं तपस्या में प्रवत्त होकर ही इसे अनुभव कर सकते हैं। सबके लिए खुला है यह सुख का द्वार।

अखंड ज्योति

## आपके पत्र

# सिसकती, कराहती मानवता, युद्ध और हिंसा की शिकार महिलाएं और बच्चे ही क्यों?

पूरा विश्व जहां महिला सशक्तिकरण और बच्चों को कुपोषित होने के लिए मुहिम चला रहा है वहीं दूसरी तरफ युद्ध और हिंसा मानवता के चिथड़े उड़ा रहा है। ताजा-ताजा हमास और इजरायली युद्ध में बच्चों और महिलाओं पर अत्याचार देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। इसी तरह यूक्रेन-रूस युद्ध में सर्वाधिक नुकसान बच्चों और महिलाओं की मौत से ही हुआ है। युद्ध और हिंसा से चाहे पिता, भाई या पुत्र की मृत्यु हो परिणाम स्त्रियों को ही भुगतना पड़ता है। घरों के टूटने और नष्ट होने पर भी स्त्रियों बच्चों पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है। स्त्रियां, बच्चे बेघर होकर अनाथ हो जाते हैं। हर तरफ त्राहिमाम मच जाता है। इजरायल हमास युद्ध में हजारों स्त्रियां और बच्चे मौत से साक्षात्कार कर रहे हैं, मानवता सिसक रही है, मौत का तांडव अपना परचम लहरा रहा है।

पूरे विश्व समेत देश के कोने-कोने से महिलाओं को अपमानित करने की घटनाएं रोज हो रही हैं क्या हमारे नैतिक मूल्य और आस्थाएं अब पूर्ण रूप से स्खलित हो चुकी है। नैतिक मूल्यों का क्षरण अचानक तेज होता जा रहा है। धन तथा पद और साम्राज्यवाद की लोलुपता ने सारी हदें पार कर दी हैं। समाज पुरुष प्रधान होने का यह मतलब कतई नहीं होना चाहिए कि स्त्री और बच्चे ही हर ज्यादती और अत्याचार के शिकार होते रहें।

प्राचीन काल से अब तक स्त्री ही पुरुष तथा समाज के दमन का केंद्र रही है। शिक्षा तथा आर्थिक स्थिति के विकास के बाद भी स्त्रियों की दयनीय स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है। देश की आबादी की 45फीसदी आबादी महिलाओं की है पर अभी तक स्त्रियों की स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन परिलक्षित नहीं हुआ है, यह एक चिंतनीय सामाजिक समस्या हमारे सामने ज्वलंत खड़ी है।

भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया, यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग-बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया है। वहीं सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी हैं। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन ही हुआ है और इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है। पुरुष समाज की मानसिकता है की पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं उन्हें वर्तमान में पीएससी और यूपीएससी की रिजल्ट लिस्ट देखनी चाहिए इसमें बालिकाओं ने बहुत अच्छे अंकों से परीक्षा पास कर समाज में उनकी अहम भूमिका को सार्थक किया है।

संजीव ठाकुर

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### जिले के पम्प संचालकों को डीजल-पेट्रोल का रिजर्व स्टॉक उपलब्ध रखने के आदेश

**रायसेन, , देशबन्धु।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं अनुज्ञापन अधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा मप्र मोटर स्पिरिट तथा हाईस्पीड डीजल ऑयल आदेश 1980 के तहत जिले के समस्त डीजल/पेट्रोल पम्प संचालकों को अपने-अपने पम्पों पर आगामी आदेश तक रिजर्व स्टॉक उपलब्ध रखने के आदेश दिए गए हैं। जारी आदेश के तहत सभी डीजल/पेट्रोल पम्प संचालकों को अपने पम्पों पर आगामी आदेश तक 3000 लीटर डीजल एवं 1000 लीटर पेट्रोल का रिजर्व स्टॉक, डेड स्टॉक को छोड़कर निर्वाचन कार्य हेतु हमेशा उपलब्ध रखे जाने के आदेश दिए गए हैं। रिजर्व स्टॉक का उपयोग अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा तहसीलदार की मांग अनुसार पम्पों द्वारा प्रदाय किया जाएगा।

### नवरात्रों में सज रहा शीतला माता का दरबार

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** शारदीय नवरात्र का शुभारंभ 15अक्टूबर रविवार से हो रहा है प्रति वर्ष अनुसार इस बर्ष भी माता शीतला के दरबार को आर्कषक रुप से सजाया जा रहा है।श्री शीतला शक्ति धाम सेवा समिति के प्रवक्ता विनर सक्सेना ने बताया की प्रमुख द्वारा को संगमरमर से तैयार किया गया है इस पर स्टील से बना मुख्य गेट लगाया गया है।शारदीय नवरात्रि पर्व रविवार से आरंभ होने जा रहा है उक्त अबसर पर शीतला शक्तिधाम पर विभिन्न अनुष्ठान आयोजित होगें जिसमें विशाल जनसमूह एकत्रित होगा। 19 अक्टूबर गुरूवार को पंचमी के अवसर पर रात्रि 12 बजे महाआरती का आयोजन होगा। 20अक्टूबर शुक्रवार को भैरव छठ पर रात्रि 12 बजे भैरव आरती होगी। 22अक्टूबर रविवार को रात्रि 8 बजे महाअष्टमी पर महाआरती एव 23अक्टूबर सोमवार को नवमी पर कन्याभोज प्रात: 11 बजे से आयोजित होगा। एवं 24 अक्टूबर मंगलवार को दशहरा पर्व पर प्रतिमा विसर्जन चल समारोह का पूजन अर्चन श्री शीतला शक्तिधाम सेवा समिति द्वारा मुख्य द्वार पर भव्य मंच स्वागत से किया जावेगा।

# सरपंच ने सीईओ से की शिकायत, शासकीय योजनाओं में भी लेनदेन का आरोप

**गैरतगंज, देशबन्धु।** जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत सहजपुर में पदस्थ रोजगार सहायक अपने काम के प्रति उदासीन बनी हुई है। बीते कई दिनों से ग्राम पंचायत नही आने के बाद सरपंच एवं सचिव ने कार्रवाई हेतु सीईओ को शिकायत पत्र सौंपा है। वही ग्रामीणों ने भी शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में हितग्राहियों से लेनदेन करने की शिकायत भी की है।

सहजपुर ग्राम पंचायत में पदस्थ रोजगार सहायक रानी यादव का अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीनता का रवैया लगातार जारी है। कई कई दिनों तक वे पंचायत कार्यालय में भी नही उपस्थित होती। यही नही वर्तमान पंचवर्षीय के कार्यकाल में एक बार भी रोजगार सहायक पंचायत नही पहुंची। शासकीय कार्यो में लापरवाही एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में उदासीनता के चलते सरपंच काशीराम यादव सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोग परेशान है। ग्राम पंचायत के सरपंच काशीराम यादव एवं सचिव रामकुमार तिवारी ने लिखित रूप से इसकी शिकायत जनपद सीईओ से की है। इसके अलावा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने एक शिकायती आवेदन सीईओ को सौपा था जिसमे बताया गया था कि रोजगार सहायक रानी यादव किसी भी प्रकार के कार्य नही कर रही है। जिससे वे शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित है। तिजालपुर के ग्रामीण भूपेंद्र सिंह राजपूत ने आरोप लगाया है कि उनके पुत्र के जन्मप्रमाण में नाम सुधरवाने के एवज में 500 रु रोजगार सहायक ने लिए। प्रधानमंत्री आवास का लाभ पहुंचाने में 12 हज़ार हितग्राहियों से लिये गए है। यही नही महिला रोजगार सहायक का पूरा काम उनका देवर अशोक यादव करता है जो हितग्राहियों सीधे पैसों की मांग करता है। पूर्व में भी इस मामले की शिकायत ग्रामीणों ने की थी पर कोई कार्रवाई नही हो सकी। ग्रामीणों ने रोजगार सहायक पर जल्द कार्रवाई की मांग की है।

#### इनका कहना है

*इस मामले में जनपद पंचायत के सीईओ वृंदावन मीना का कहना है कि उक्त मामले की शिकायत प्राप्त हुई है। जिसकी जांच कराकर उचित कार्रवाई की जा रही है।*

# दुर्गा उत्सव एवं दशहरे को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**गैरतगंज, देशबन्धु।** तहसील के क़स्बा गढ़ी में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया ? दुर्गा उत्सव एवं दशहरे के त्योहारों को लेकर एसडीएम पल्लवी वेध की अध्यक्षता में बैठक हुई उन्होंने कहा सभी मिलकर त्योहारो को? सौहार्द एवं आपसी भाईचारे से मनाएं सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल न करें फेसबुक व्हाट्सएप पर गलत संदेश ना भेजें ग्रुपों पर गलत संदेश भेजने पर ग्रुप एडमिन पर कार्रवाई होगी। चुनाव आदर्श आचार संहिता का के नियमों का पालन करें। इस अवसर पर तहसीलदार अंबरपंथी ने बैठक में मौजूद नागरिकों से आवाहन किया के मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव है इसमें सभी मतदाताओं को मत का उपयोग करना है सभी जागरूक नागरिक सभी को मतदान के लिए प्रेरित करें। थाना प्रभारी महेश टांडेकर ने कहा को सभी लोगों के सहयोग से त्यौहारो को आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए मनाए बैठक में सरपंच सैयद मसूद अली पटेल नायब तहसीलदार शैलेष सिंह, चौकी प्रभारी रामप्रसाद परते, जनपद सदस्य रिज़वान खां, पूर्व सरपंच भागचंद चौरसिया, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष रवि चौरसिया, मुस्लिम त्यौहार कमेटी अध्यक्ष ख़ालिद मंसूरी, मनोहर लाल जैन, डाक्टर केके सोनी, मोहन माहेश्वरी,सरपंच नन्हे लाल अहिरवार, मोहन जाटव, आफ़त आती, ओंकार कुशवाह, नन्दकिशोर यादव, नितिन माहेश्वरी, ख़ुशी लाल जाटव, पटवारी नन्दकिशोर अहिरवार,नवाब छोटे, माजिद ख़लीफा,नूर मियां कुरैशी, प्रकाश जाटव, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### जिला बक्फ कमेटी में 5 सदस्यों की नियुक्ति

**गंज बासौदा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सन्नवर पटेल की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष अय्यूब कुरैशी की सहमति से जिला वक्फ कमेटी में पांच नए सदस्यों को शामिल किया गया है उक्त जानकारी जिला वक्फ कमेटी के जिला अध्यक्ष अय्यूब कुरैशी ने देते हुए बताया कि सिरोंज से रजी खान को जिला सह सचिव के तौर पर शामिल किया गया है वहीं कुरवाई से वसीम अहमद को सदस्य, विदिशा से लइक ऊललाह खान, हैदरगढ़ से उमर अली खान, ग्यारसपुर से उवेश खान को शामिल किया गया है ।

श्री कुरैशी ने बताया किइस प्रकार जिला बख्फ कमेटी मेंअब 15 सदस्य होगये गए, 26 जून को गठित की गई समिति में 10 सदस्य थे पांच नए सदस्यों को शामिल किया गया है। नए सदस्यों को शामिल किए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सन्नवर पटेल, जिला अध्यक्ष अय्यूब कुरैशी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन का आभार व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों को मुबारकबाद दिया है।

बरेठ रोड ब्रह्माकुमारी मेडिटेशन सेंटर पर हुआ आयोजन

# धैर्यता से जीवन को चलाने से आखिरकार सही रास्ता मिल ही जाता है : वीके कौशल्या



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** व्यक्ति कैसी भी परेशानी परिस्थिति से क्यों न गुजर रहा हो लेकिन धैर्यता के साथ जीवन को चलाने और समाधान ढ़ंढ़ते रहने से आखिरकार सही रास्ता मिल ही जाता है। हम अपने मंजिल तक पहुंचने में कामयाब हो ही जाते हैं। खासकर जब जीवन में परमात्म ज्ञान के साथ परमात्म मिलन अर्थात राजयोग का सामंजस्य अपने दिनचर्या में आ जाए। उक्त बात बरेठ रोड स्थित ब्रह्माकुमारी राजयोग मेडिटेशन सेंटर पर पितृपक्ष में राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराते हुए विदिशा से आई वीके कौशल्या बहिन ने कही उनहोने कहा जीवन मानो हीरे तुल्य हो जाता है। जहां हमारे पवित्र और सकारात्मक वाईब्रेसन से सामने कैसी भी नकारात्मक हिंसक वृत्ति वाले भी क्यों न हो लेकिन वह भी नत मस्तक हो ही जाता है। उन्होंने इस अवसर पर कहां की जीवन में हमेशा सच के रास्ते पर चलना चाहिए ।आयोजन के समापन पर भोग लगाकर प्रसादी का वितरण भी किया गया इस अवसर पर विभिन्न सेंटरों से आई बहनों ने राजयोग मेडिटेशन की विधि भी बताई और इसका अभ्यास भी करवाया ।

# एक लाख से अधिक की नगदी जप्त



**रायसेन, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत रायसेन जिले के देवरी में हाईवे पर बनाए गए एसएसटी चेक प्वाइंट पर वाहनों की जांच के दौरान एफएसटी टीम द्वारा भोपाल निवासी मोहम्मद फैजान के पास से एक लाख 39 हजार 500 रू नगद जप्त किए गए। मोहम्मद फैजान द्वारा उक्त नगदी के संबंध में संतोषजनक जानकारी तथा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर यह कार्रवाई करते हुए एक लाख 39 हजार 500 रू की नगदी थाना देवरी की सुपुर्दगी में देते हुए वैधानिक कार्यवाही गई।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 की घोषणा के साथ ही रायसेन सहित सम्पूर्ण प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। रायसेन जिले में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराते हुए विधानसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा सम्पूर्ण जिले में एसएसटी की 20 टीमें तथा एफएसटी की 21 टीमें गठित की गई हैं, जिनके द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# डिप्टी कलेक्टर की गाड़ी से टकराई बाइक, देवर-भाभी घायल



> डिप्टी कलेक्टर ने तत्काल डॉक्टर को मौके पर बुलाया, अस्पताल पहुंचाया

**मुरैना, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे 44 पर ज्ञान तीर्थ के पास डिप्टी कलेक्टर की गाड़ी के ड्राइवर द्वारा अचानक गाड़ी को टर्न कर दिया, जिससे पीछे आ रही बाइक उससे टकरा गई और उसे पर सवार देवर व भाभी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देख डिप्टी कलेक्टर ने तत्काल सीएमएचओ एवं डॉक्टर को मौके पर बुलाया और उन्हें अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनैना पति शेरू जाटव अपने देवर कोमल पुत्र बाहदुर उम्र 32 निवासी जाटव उम्मेदगढ़ बांसी गुरुवार की शाम बाइक से अपने मायका मनिया जा रही थी, जैसे ही उनकी बाइक ज्ञान तीर्थ के पास पहुंची तो आगे चल रही मुरैना डिप्टी कलेक्टर की गाड़ी के ड्राइवर ने अचानक गाड़ी को टर्न किया और पीछे चल रही कोमल जाटव की बाइक उससे टकरा गई, जिससे देवर, भाभी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देख वहां भारी भीड़ एकत्रित हो गई। डिप्टी कलेक्टर द्वारा तत्काल सीएमएचओ एवं डॉक्टर को बुलाया गया और मौके पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उल्लेखनीय बात यह है कि जिले में आए दिन इस प्रकार के एक्सीडेंट होते हैं, लेकिन तब कहीं कोई डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंचते, लेकिन डिप्टी कलेक्टर की गाड़ी से एक्सीडेंट होने के बाद सूचना मिलते ही सीएमएचओ एवं चिकित्सक तत्काल घटनास्थल पर आ गए।

### मैक्स पिकअप ने बाइक सवार में मारी टक्कर, चाचा-भतीजा की दर्दनाक मौत

**कैलारस, देशबन्धु।** गुरुवार की दोपहर कैलारस जा रहे चाचा-भतीजा को एक लोडिंग पिकअप गाड़ी के चालक ने जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा देख भीड़ एकत्रित हो गई और आरोपी वाहन चालक गाड़ी छोडक़र फरार हो गया। पुलिस द्वारा मृतकों का पीएम कराकर लाश उनके परिजनों को सौंप दी गई है तथा आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर राजाराम पुत्र मावसिया रजक उम्र 50 साल निवासी सुजानगढ़ी अपने भतीजे दिनेश पुत्र रामस्वरूप उम्र 25 साल निवासी सुजानगढ़ी के साथ गांव से कैलारस बाइक पर निकला, जब उनकी बाइक शुगर मिल के पास पहुंची, तो लोडिंग वाहन मैक्स पिकअप गाड़ी के चालक ने बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे दोनों सडक़ पर गिर पड़े और घटनास्थल पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसा देखकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए और घटना की सूचना पुलिस को दी। इसी दौरान आरोपी वाहन चालक गाड़ी छोडक़र मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर लिया गया है।

# खटिया बैठक से जोर पकड़ रही राजनीति



सिरोंज। राजनीति ने पद तो आते जाते रहे है लेकिन कार्यकर्ता का पद हमेशा जिंदा रहता है। ओर हम सबको संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता भाव से काम करना चाहिए। यह बात कुरवाई के पूर्व विधायक वीर सिंह पवार ने जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 16 के ग्राम पाटन में आयोजित खटिया बैठक के दौरान कही।

इस वार्ड के भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों की बैठक में उन्होंने पूर्व एवम वर्तमान विजेता उपविजेता सरपंच,जनपद सदस्य,जिला पंचायत सदस्यों से कहा कि आने वाले चुनाव में कमल के फूल के प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए हमे घर घर जाकर शासन की योजनाओं से लाभान्वित परिवारों को संगठन योजना से जोड़ना है। इस दौरान उन्होंने महिला जनप्रतिनिधियों से भी भेंट कर महिलाओं से संपर्क बनाने की बात कही। इसके पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंजू नीलम यादव ने खटिया बैठक में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह दाँगी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाब सिंह कुर्मी, जनपद अध्यक्ष पुष्पा यादव, विधानसभा संयोजक कैलाश शर्मा, मंडल अध्यक्ष चरण सिंह राजपूत,पूर्व जनपद अध्यक्ष हमीर सिंह यादव,चरण सिंह यादव, सहित कार्यकर्ताबन्धु उपस्थित रहे।

### बह्न को बचाने आये भाइयों को लाठी सरिया से पीट कर किया घायल

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के माता बसैया थाना अंतर्गत काजी बसई गांव में गुरुवार की सुबह बहन की मारपीट कर रहे ससुराली जनों से उसे बचाने पहुंचे भाइयों को जीजा एवं उसके परिवार के लोगों ने लाठी सरिया से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर से आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नसीमुद्दीन पुत्र हफिजउद्दीन उम्र 18 निवासी काजी बसई ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की सुबह 9-30 बजे गांव में रहने वाली अपनी बहन के घर के पास से गुजर रहे थे, तभी उसके ससुराल से मारपीट की आवाज आई तो नसीमुद्दीन अपने भाई मुजाहिद्दीन पुत्र हफिजउद्दीन उम्र 17 निवासी काजी बसई के साथ उसे बचाने के लिए पहुंचा, तभी उसके जीजा आसिब मोहम्मद, खालिक मोहम्मद, ओवैस मोहम्मद ने लाठी सरिया से दोनों की मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। फरियादी द्वारा माता बसैया थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जिस पर से पुलिस में मामला दर्ज किया है।

# पितर प्रति श्राद्ध प्रति मास कृष्ण पक्ष में होता है : पं के शिवगुरु



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** भागवत कथा के 13वें दिन पितरों की महत्व का बताते हुए। के शव गुरु ने कहा कि। पितृ श्राद्ध प्रति मास कृष्ण पक्ष में हुआ करता है मनुष्यों का एक महीना पितरों का एक दिन रात होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्रमा सूर्य से दूर होता है तब पितृ लोक में 15 दिन निरंतर एक रात्रि होती है कृष्ण पक्ष में चंद्रमा सूर्य के निकट हो जाता है अत: 15 दिन पितरों का दिन रहता है एक दिन रहता है अमावस्या को जब सूर्य चंद्र एक राशि में होते हैं तब अपराह्न कल होने से यह पितरों का मध्यान्ह समय कहा जाता है अत: अमावस्या के दिन विशेष तौर से पितरों का पूजन आदि हमेशा संपन्न किया जाता रहा है अश्विन कृष्ण पक्ष में अमावस्या पितृ मोक्छी अमावस्या कही जाती है इस दिन का विशेष महत्व है श्रद्धालु नदी के तट पर जाकर कुश तिल दूध से अपने पितरों का तर्पण करते हैं घर में इस दिन पितरों का पूजन करके पांच भाग एक कुत्ते को एक कौवे को एक गाय को एक पीपल वृक्ष के नीचे एवं एक अतिथि को प्रदान करते हैं पितृ लोग चंद्रलोक के दक्षिण में कहां गया है कहा गया है यहां पर पितर निवास करते हैं आज तो विज्ञान भी इस बात को स्वीकार करता है क्या अंतरिक्ष में कहीं ना कहीं अवश्य जीवन है अत: एवं अभी हमारे चंद्रयान-2 में भी चंद्रमा के दक्षिण में 14 दिन की रात्रि कही गई है इससे प्रतीत होता है कहीं ना कहीं पितृ सोम अग्नि एवं विस्बाबसू के रूप में रहकर हमारे द्वारा दिए गए अन्य जल के सूक्ष्म भाव को प्राप्त करते हैं जिसको सार तत्व कहा जाता है जब हम तर्पण अथवा पितरों की पूजन में नाम गोत्र के साथ में पितरों को देते हैं तो वायु के द्वारा उसका सर इन पितरों को प्राप्त होता है अत: पितृ मोक्ष अमावस्या के दिन सभी लोग अपने सभी पितरों का पूजन करके उनका विसर्जन करते हुए प्रार्थना करते हैं कि वर्ष पर्यंत हमें संतान एवं संपत्ति का सुख बना रहे इस प्रकार पितरों के प्रति समर्पण के इस त्यौहार को ही पितृ पक्ष कहा जाता है कथा में भगवान की द्वारका लीला का वर्णन किया गया और बताया गया कि भगवान की आठ पटरानियां हे वह प्रकृति है प्रकृति भी आठ प्रकार की है जिसमें जल पृथ्वी वायु आकाश अग्नि शामिल है मन चित्त अहंकार इन तीनों के मिलने से आठ प्रकार की प्रकृति हमारे यहां कहीं गई है प्रकृति के माने स्वभाव होता है प्रकृति भगवान के अधीन है लेकिन मनुष्य प्रकृति के अधीन होता है अत: परमात्मा की शरणागति से ही हमारी प्रकृति परमात्मा की ओर रखकर उत्तम मनुष्य बनने की प्रेरणा हम सबको प्रदान करती है आगे कथा में नारद जी द्वारा भगवान की दिनचर्या को देखना युधिष्ठिर के राजस्वी यज्ञ की कथा जरासंध के बाद एवं सुदामा चरित्र की कथा को वर्णित किया गया इस अवसर पर सुंदर झांकी लगाकर लोगों को सुदामा चरित्र का महत्व बताया गया कथा के अंत में डॉक्टर विमल ओसवाल एवं मुरारी अग्रवाल द्वारा आरती संपन्न की गई भक्तों को प्रसाद वितरित हुआ

# जेल भरो आंदोलन में शामिल होने जा रहे भीम आर्मी चीफ और सपा विधायक को पुलिस ने चंबल पर रोका

### पुलिस ने कहा धारा 144 है लागू



**मुरैना, देशबन्धु।** गुरुवार को 12 अक्टूबर को गुर्जर समाज और भीम आर्मी ने ग्वालियर में जेल भरो आंदोलन का आह्वान किया था, जबकि ग्वालियर जिला प्रशासन ने ऐसे किसी भी कार्यक्रम की अनुमति से इंकार किया है। भीम आर्मी प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद, राष्ट्रीय युवा गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति के अध्यक्ष रविन्द्र भाटी, समाजवादी पार्टी के सांसद अतुल प्रधान सहित अन्य कई नेताओं को मुरैना पुलिस ने सरायछोला थाना क्षेत्र के अल्लाबेली चौकी पर बने चेकिंग पॉइंट पर रोक लिया। ये सभी ग्वालियर में आयोजित जेल भरो आंदोलन में शामिल होने जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार इन लोगों को हिरासत में लिए जाने के बाद ग्वालियर कलेक्टर, एसपी, मुरैना कलेक्टर व एसपी सहित कई अधिकारी इनसे बात करने अल्लाबेली चौकी पर पहुँच गए हैं और उन्हें ग्वालियर नहीं जाने की समझाईश दे रहे हैं, लेकिन सभी नेता ग्वालियर आने की जिद पर अड़े है। चन्द्रशेखर आजाद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि गुर्जर आंदोलन के दौरान जिस तरह से ग्वालियर पुलिस ने निर्देश लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किये, उन्हें जेल में भेजा, हम उनके परिवारों से मिलने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि धारा 144 हो या धारा 188 हो, ये जनता के लिए ही है, जरूरत पड़ी तो हमें इसे तोडऩे में भी कोई हर्ज नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने ग्वालियर जिला प्रशासन से स्पष्ट कह दिया है कि हम निर्दोष पीड़ित लोगों के परिवारों से मिले बिना यहाँ से नहीं जायेंगे, अभी बातचीत जारी है। इस दौरान पुलिस का कहना है कि किसी तरह की अनुमति नहीं है, इसलिए रोका है।

#### इनका कहना है

*ये लोग दिल्ली से आये हैं, लेकिन मप्र में आचार संहिता लगी हुई है, ग्वालियर में जेल भरो आन्दोलन का आह्वान इन लोगों ने किया है, लेकिन वहां ऐसे किसी कार्यक्रम की कोई अनुमति नहीं हैं। ग्वालियर में धारा 144 भी प्रभावी है, इसलिए इन्हें यहाँ रोका गया है, इन लोगों के पास कोई अनुमति नहीं है, इन्हें समझाया जा रहा है।*

***अरविन्द सिंह ठाकुर***
***एडिशनल एसपी, मुरैना***

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ एवम् मानवाधिकार की जिला स्तरीय बैठक हुई



**मुलताई, देशबन्धु।** कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ एवं मानव अधिकार जिला बैतूल की बैठक नगर आशीर्वाद लॉन में गुरुवार संपन्न हुई। जिसमे मुलताई विधायक, जिलाध्यक्ष गिरधर यादव अधिवक्ता, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू प्रहलाद परमार, पूर्व विधायक डा. बोडखे, वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल पाठक, कांग्रेस नेता संजय यादव, कमल सोनी, राजरानी परिहार, सभापति निर्मला उबनार, सुरेश पोनीकर, अरुण यादव, सुमित शिवहरे, भीमसिंह चंदेल, रितेश शर्मा ,आशीष सोनी एवं मुलताई, बैतूल,आमला, भैसदेही, आठनेर, के अधिवक्ता उपस्थित रहे।

इंजीनियरिंग मैनुअल में तय मापदंडों को किया जा रहा दरकिनार

# सडक़ निर्माण में नपा अधिकारी और जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान

**आमला, देशबन्धु।** नगर के बंधा रोड से मोक्षधाम तक नवीन सड़क का निर्माण में धांधली की जा रही है। मुख्यमंत्री कायाकल्प अंतर्गत बन रही सडक़ में जरूरी मापदंडों को दरकिनार किया जा रहा है। इंजीनियरिंग मैनुअल में इसके माप तय हैं, लेकिन सडक़ निर्माण में इनकी खुली अवहेलना की जा रही है। यहीं वजह है कि शहर की अंदरूनी सडक़े साल-दो साल में ही उखडऩे लगती हैं। अभी बात उस सडक़ की है, जिसके निर्माण का इंतजार लोग 20 साल से कर रहे थे। बंधा रोड से मोक्षधाम तक 2 किमी की इस सडक़ के लिए 67 लाख रूपये स्वीकृत हुए है और टैंडर भी हो चुके है, लेकिन जिस तरह से सडक़ का बेस तैयार किया जा रहा है, उससे वार्डवासियों में आक्रोश है। वार्डवासी दिलीप साहू, भरत रावत ने बताया कि सडक़ निर्माण के लिए पहले 75 एमएम का सोल्डींग बिछाना होता है। उस पर रोलर चलाकर गिट्टी, आरसीएम और वाइब्रेट रोलर चलाकर बेस बनाया जाता है, किन्तु मोक्षधाम वाली सडक़ में ठेकेदार किसी भी नियम का पालन नहीं कर रहे। वार्डवासियों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार की यह मनमानी अधिकारियों की अनदेखी के कारण चल रही है। जिसका खामियाजा आमजनों को भविष्य में परेशान होकर चुकाना पड़ सकता है।

**स्टीमेट की नहीं दे रहे जानकारी**-सडक़ निर्माण के लिए नगरपालिका क्या मापदंड तय किये है, इसकी जानकारी वार्डवासियों को नहीं दी जा रही है। नवीन पंवार ने बताया कि सडक़ के बेस निर्माण में लापरवाही देखने को मिल रही है। सडक़ का स्टीमेट भी नहीं दिया जा रहा है। जिसकी वजह से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि सडक़ में कितने इंच का बेस बनना है। अधिकारी और नगरपालिका के जनप्रतिनिधि भी मौके पर आकर केवल निरीक्षण की इतिश्री कर लेते है। वार्ड के लोगों से यह जानकारी तक नहीं लेते है कि वे निर्माण की गुणवत्ता से संतुष्ट है या नहीं, इसी कारण ठेकेदार भी वार्डवासियों की शिकायतों को तवज्जो नहीं देता है और मनमर्जी से काम चल रहा है।

**रोड रोलर गायब, कैसे मजबूत होगा बेस** -सडक़ का आधार उसका बेस होता है। यदि बेस मजबूत रहे तो सडक़े सालों साल चलती है। लेकिन ठेकेदार द्वारा बेस निर्माण में लापरवाही की जा रही है। बेस तैयार करने के लिए ठेकेदार ने रोड रोलर से जमीन को मजबूत करने का काम तक नही किया है। जानकार बताते है कि बेस के लिए मिट्टी-मुरम, गिट्टी, बोल्डर पर बार-बार रोड रोलर चलने से जमीन मजबूत हो जाती है। इससे बरसात के दिनों में जमीन के धंसने की संभावनाएं कम रहती है। यदि बेस कमजोर रहता है तो सडक़ अंदर धंस सकती है। लेकिन नपा अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। जबकि नपा अधिकारियों को भी सडक़ निर्माण के सारे नियमों की जानकारी है।

## क्या कहते हैं वार्डवासी



(1) नगरपालिका अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण ही वार्डो की सडक़े गुणवत्तापूर्ण नहीं बन पाती है। शिकायतें होती है तो अनसुना कर दी जाती है। जिसके कारण सडक़े साल दो साल में उखडऩे लगती है।


**- निलेश मालवीय, वार्डवासी**



(2) जिस तरह मकान बनने के लिए मकान की नींव का मजबूत होना जरूरी है, उसी तरह सडक़ में बेस मजबूत होना चाहिए, अन्यथा निर्माण को खराब होने में ज्यादा समय नहीं लगता है।

**- नवीन पंवार, वार्डवासी**

(3) नगरपालिका के अधिकारी निरीक्षण के लिए आते है तो केवल औपचारिकता निभाकर चले जाते है। वार्डवासियों से यह तक नहीं पूछा जाता है कि निर्माण की गुणवत्ता से संतुष्ठ है या नहीं। केवल लापरवाही चल रही है।



**- भरत रावत, वार्डवासी**



(4) सडक़ के बेस में 75 एमएम का सोल्डिंग, गिट्टी, आरसीएम के बाद रोड रोलर चलाकर बेस बनाना था। लेकिन ठेकेदार मापदंडो की अनदेखी कर निर्माण कार्य को अंजाम दे रहा है।

**- दिलीप साहू, वार्डवासी**

### इनका कहना है

ठेकेदार को निर्देशित किया गया है सड़क में रोड रोलर भी चलवाया जाए अगर ठेकेदार नियम से कार्य नही करता है तो सड़क को उखाड़कर पुनः बनवाई जाएगी

**सुभाष शर्मा सब इंजीनियर नपा आमला**

हत्या के बाद जंगल में छुपा,बस में बैठकर भागने की फिराक में था आरोपी

# हत्या के आरोपी को पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर किया गिरफ्तार

**मुलताई, देशबन्धु।** पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम माझरी में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की उसके रिश्ते में लगने वाले भतीजे ने रस्सी से गला रेतकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गुरुवार गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बस में बैठकर चेन्नई फरार हो रहा था। हत्या के पहले उसने अपनी रिश्ते की चाची के साथ दुष्कर्म भी किया था और जब वह विरोध कर रही थी और लोगों को बताने की धमकी दे रही थी तो रस्सी से गला घोट कर उसकी हत्या कर दी। बुधवार से गुरुवार तक आरोपी जंगल में छुपा हुआ था और भागने की फिराक में था। पुलिस ने बताया कि आरोपी सूर्यभान पिता जोगा उइके आदतन अपराधी है। इसके पहले भी आठनेर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बलात्कार और हत्या के प्रयास जैसी घटना में वह आरोपी रहा है।

एसडीओपी सुरेश पाल सिंह, टीआई प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि आरोपी सूर्यभान ने अपनी रिश्ते की चाची के साथ शराब पीने के बाद दुष्कर्म करना तथा विरोध करने, लोगों को बताने की धमकी देने पर रस्सी से गला घोटकर हत्या करना स्वीकार किया है। आरोपी को गुरुवार माझरी से करीब 20-25 किलोमीटर दूर सावंगी के पास गिरफ्तार किया गया। बताया जा रहा है कि चौकी में पदस्थ आरक्षक ने स्थानीय लोगों के सहयोग से बस में बैठकर फरार हो रहे आरोपी को पकड़ लिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा, उप निरीक्षक आम्रपाली, सहायक उप निरीक्षक महेश धाकड़, देवेंद्र प्रजापति, सेवाराम की मुख्य भूमिका रही।

## नगरकोट के पास सड़क दुर्घटना में घायल हुए 2 लोग, 1 गंभीर

**मुलताई, देशबन्धु।** नेशनल हाईवे 47 पर स्थित नगरकोट के पास बुधवार रात एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि बुधवार रात नगरकोट के पास एक सड़क दुर्घटना में सुभाष पुत्र साहेबराव उम्र 40 वर्ष एवं सुशील पुत्र रामेश्वर उम्र 19 वर्ष निवासी छावल खापा घायल हो गए थे। जिन्हें निजी एंबुलेंस के माध्यम से मुलताई के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। जहां पर दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया। सुशील की हालत गंभीर होने पर उसे उसके परिजन निजी एंबुलेंस से नागपुर ले गए, वहीं सुभाष को भी मुलताई के निजी अस्पताल ले जाया गया।

## सरकारी अस्पताल में नवजात जुड़वा बच्चों की प्रसव के बाद मौत



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के सरकारी अस्पताल में गुरुवार एक महिला ने दो बच्चों को जन्म दिया। जन्म के बाद बच्चों की हालत बिगड़ने पर उन्हें बैतूल रेफर किया गया था, लेकिन रास्ते में दोनों बच्चों ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि गर्भावस्था के दौरान महिला ने तीन बार सोनोग्राफी करवाई थी। लेकिन सोनोग्राफी में उसे एक बच्चे की सूचना दी गई थी। उसी के अनुसार उसका उपचार भी किया जा रहा था। लेकिन गुरुवार सुबह प्रसव पीढ़ा होने के बाद सरकारी अस्पताल लाया गया जहा डिलीवरी होने पर जब दो बच्चे हुए तो सभी भोच्चके रह गए।

प्रीमेच्योर डिलीवरी होने से और बच्चों का वजन कम होने से बच्चों की मौत होने की बात सामने आ रही है। इधर बच्चों की मौत होने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि खल्ला निवासी नेहा पति निलेश झारखंडे कि गुरुवार मुलताई के सरकारी अस्पताल में डिलीवरी करवाई गई। जिसमें नेहा ने दो बच्चों को जन्म दिया। बच्चों के जन्म के बाद बच्चों की हालत खराब थी, ऐसे में उन्हें प्राथमिक उपचार देखकर मुलताई से बैतूल जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया था। लेकिन रास्ते में ही दोनों बच्चों ने दम तोड़ दिया। नेहा के पति निलेश ने बताया कि लगभग 8 महीने पहले उसका विवाह हुआ था।

### बीएमओ बोले बच्चो की मौत के मामले में की जाएंगी जांच

पूरे मामले को लेकर मुलताई के बीएमओ डॉ. अभिनव शुक्ला का कहना है बच्चो की मौत होने की जानकारी प्राप्त हुई है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## बांगा में घर से खेलते हुए निकलने बच्चे, रास्ता भटक कर पहुंचे दूसरे गांव, पुलिस ने पहुंचाया घर





**मुलताई, देशबन्धु।** ग्राम बांगा के दो बच्चे अपने घर का रास्ता भटक गए थे, जिन्हें पुलिस ने उनके घर वापस पहुंचा है। 2 और 4 वर्षीय बालक रात में घर पहुंचने की बजाय खेलते खेलते गांव से दूर निकल गए थे। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। भोपाल के राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम से डायल हंड्रेड को तुरंत सूचना देकर मौके पर भिजवाया गया।डायल हंड्रेड ने मौके पर पहुंच कर दोनों बच्चों को सुरक्षित उनके घर पहुंचा।

बताया जा रहा है कि बच्चों को बांगा गांव ले जाकर वहां सरपंच सहित अन्य लोगों से सत्यापन करवाया गया। जिसके बाद उन्हें परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। परिवार वालों ने बताया कि बच्चे खेलते खेलते घर से निकल कर घर का रास्ता भटक गए थे और दूसरे गांव चले गए थे। पुलिस ने बताया कि बच्चे छोटे थे और घर नहीं पहुंचने के कारण रो रहे थे और काफी डरे हुए थे। पुलिस ने उन्हें तुरंत स्वल्पाहार करवाया और उनसे उनके गांव के बारे में पूछा गया। बड़े बच्चे ने उन्हें बताया कि वह बांगा क्षेत्र का रहने वाला है। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें उनके गांव पहुंचाया।

## सासंद डीडी उइके बने भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष,कार्यकर्ताओं में हर्ष

**चिचोली, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा द्वारा बैतूल हरदा हरसूद लोकसभा क्षेत्र के सासंद डीडी उइके को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा का कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया हैं,सासंद डीडी उइके को भाजपा अजजा मोर्चा का कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर क्षेत्र के भाजपाईयों में हर्ष व्याप्त है।

बैतूल सासंद डीडी उइके को प्रदेश में नई जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा चिचोली नगर एवं ग्रामीण मंडल के सभी दायित्ववान पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा एवं शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया हैं।प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार एवं सासंद डीडी उइके को बधाइयाँ प्रेषित करने वालों में चिचोली के अनिलसिंह कुशवाह,संतोष मालवीय, शंकरराव चड़ोकार,कांतिलाल यादव,बाली मालवीय,संजय आवलेकर,रितेश मालवीय,नीतेश आवलेकर,राजेन्द्र यादव,अमनसिंह कुशवाह,कृष्णा सोनी,नपा अध्यक्ष श्रीमती वर्षा मालवीय,नपा उपाध्यक्ष श्रीमती वर्षा आवलेकर,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सावित्री शिवराज उइके,श्रीमती शक्ति बाई धुर्वे,ओमप्रकाश यादव,अस्सू राठौर,सोनू शिवनकर,मोटू यादव प्रमुख रूप से शामिल हैं।

केंद्रीय विद्यालय के कमल बाबू के खिलाफ कलेक्टर से की शिकायत

## बंगले पर सफाई न करने की खुन्नस में सफाई कर्मी को नौकरी से निकाला

**बैतूल, देशबन्धु।** केंद्रीय विद्यालय में कार्यरत एक सफाई कर्मचारी ने वहां पर पदस्थ बाबू के खिलाफ बंगले की सफाई नहीं करने पर खुन्नस में नौकरी से निकालने का आरोप लगाकर इसकी शिकायत कलेक्टर से की है। शिकायत कर्ता रमेश पारखे ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय में पदस्थ कमल बाबू ने विगत 28 सितंबर को उनके निजी बंगले पर सफाई के लिए बुलाया था। पैर में मोच आने के कारण वे सफाई नहीं कर सके। इसके चलते कमल बाबू ने उन्हें 6 अक्टूबर से केंद्रीय विद्यालय में सफाई के कार्य से बंद कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कमल बाबू ने प्रिंसिपल के सामने धक्का मार कर उन्हें नौकरी से निकाल दिया। रमेश ने बताया कि वह निर्धन परिवार से है। विद्यालय में सफाई का काम करके वह अपना जीवन यापन कर रहा था। नौकरी से निकालने के चलते उनके सामने आर्थिक संकट की स्थिति निर्मित हो गई है। उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया है कि उनकी पुनः सेवा बहाली

## खंबारा टोल पर जांच के दौरान पुलिस ने कार में पकड़ी 55 किलो चांदी



**मुलताई, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव के चलते क्षेत्र में प्रशासन शख्त होते जा रहा है, लगातार विभिन्न चेक पोस्ट पर वाहनों की जांच की जा रही है, शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हो सके इसके लिए पूरे प्रयास किए जा रहे है। गुरुवार दोपहर मुलताई पुलिस ने खम्बारा टोल पर एक कार की जांच के दौरान कार से 55 किलो चांदी के जेवर गाड़ी से जप्त किए हैं। बताया जा रहा है कि एफएसटी टीम प्रभारी अनिल डाबर के साथ एसडीओपो सुरेश पाल सिंह सहित फोर्स के द्वारा चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान नागपुर की तरफ से आ रही एक कार की जांच करने पर गाड़ी में लगभग 55 किलो चांदी के जेवर मिले है। प्राप्त जानकारी अनुसार पकड़ी गई कार में महेंद्र सिंह पिता राम सिंह राजपूत उम्र 39 वर्ष निवासी जयपुर राजस्थान सवार था।एफ़एसटी अधिकारी ने उक्त चांदी जप्त की है, इस पूरे मामले में जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि गाड़ी क्रमांक आरजे45सीएच8757 में चांदी के जेवर थे एवं टीम को इसकी सूचना पहले से थी। जिसको लेकर टीम जांच कर रही थी और जांच के दौरान उक्त चांदी जब्त की गई है।

## खेत में काम कर रही महिला को सांप ने काटा

**मुलताई, देशबन्धु।** ग्राम चंदोरा कला क्र.1 में खेत में काम कर रही एक महिला को गुरुवार सांप ने काट लिया। जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ने लगी और उसके परिजनों द्वारा निजी वाहन से उसे लेकर तत्काल मुलताई अस्पताल पहुंचे। जहां पर डॉक्टरो द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम चांदोरा कला क्र 1 निवासी ललिता पति भूरा उम्र 45 वर्ष जो की खेत में काम कर रही थी। परिजनों ने बताया की भुट्टे तोड़ते समय उसे सांप ने काट लिया। सांप के काटते ही वह चिल्लाई और आसपास उसके परिजन एकत्रित हो गए, वह घबराने लगी। उसके परिजनों द्वारा उसे तत्काल सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरो द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टर द्वारा बताया गया कि महिला की हालत खतरे से बाहर है।

## तहसील कार्यालय के सामने सड़क किनारे खड़े ट्रक दुर्घटना को दे रहे आमंत्रण



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के मध्य स्थित तहसील कार्यालय के सामने से गुजरने वाले मुख्य मार्ग के किनारे खड़े होने वाले भारी भरकम ट्रक दुर्घटनाओं को खुला आमंत्रण दे रहे है। तहसील कार्यालय के सामने सड़क किनारे ट्रको के खड़े होने के कारण आवागमन में राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि तहसील कार्यालय में अपना काम करवाने आने वाले लोगो को भी समस्या होती है।

**पहले भी हो चुके है हादसे, नही ले रहे सबक**- नगर के मध्य से गुजरने वाले मुख्य मार्ग पर पहले भी कई बार गंभीर सड़क हादसे हो चुके हैं। सड़क किनारे भारी भरकम ट्रकों के खड़े होने के चलते दुर्घटनाओं की आशंका में वृद्धि होती है। यह ट्रक कई बार कुछ घंटे के लिए तो कभी-कभी कई दिनों तक खड़े रहते हैं।

**नही दिखाई देता तहसील और एसडीओपी कार्यालय**- इन ट्रैकों के तहसील परिसर के सामने खड़े होने से तहसील कार्यालय भी दिखाई नहीं देता है और तहसील कार्यालय आने-जाने में भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वही तहसील कार्यालय में ही अनुविभागीय अधिकारी पुलिस का भी कार्यालय स्थित है, जो इन ट्रकों के खड़े होने के चलते दिखाई नहीं देता और कई लोग परेशान होते रहते हैं।

**राहगीरों एवम् व्यापारियों द्वारा कई बार की जा चुकी है शिकायत**- तहसील परिसर के सामने मुख्य सड़क के किनारे सड़क ट्रक खड़े किए जाने की शिकायत कई बार राजगीरों और व्यापारियों द्वारा की जा चुकी है, बावजूद इसके अभी भी तहसील कार्यालय के सामने आए दिन भारी ट्रक खड़े नजर आते हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है की जल्द से जल्द अधिकारियों द्वारा इनके खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए।

जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न

## बालक वर्ग में जेएच एवं बालिका वर्ग में कन्या महाविद्यालय बैतूल की टीम रही विजेता



**बैतूल, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय भीमपुर द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल में जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भीमपुर के क्रीड़ा अधिकारी मनोज अहिरवार के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में जेएच महाविद्यालय बैतूल की टीम बालक वर्ग में प्रथम एवं कन्या महाविद्यालय बैतूल की टीम बालिका वर्ग में प्रथम रही।

श्री अहिरवार ने बताया विजयी प्रतिभागी राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा की कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होंगे। शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल की प्राचार्य डॉ विद्या चौधरी, डॉ.आशीष, डॉ. डेहरिया द्वारा प्रतिभागियों को संबोधित किया गया। प्रतियोगिता में जिला खेल एवं कल्याण विभाग से राधेलाल बनखेड़े, श्रीमती ललिता धुर्वे, कु.रामबाई ने रेफरी की भूमिका निभाई। निर्णायक के रूप में शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी से क्रीड़ा अधिकारी डॉ.नंदकिशोर पवार एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बिसनूर से पंडोले सर उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता को संपन्न करने में शासकीय महाविद्यालय भीमपुर से सहायक प्राध्यापक शंकर सातनकर, डॉ.संगीता पाल, डॉ.नीतू सिंह, श्रीजल प्रजापति, निहारिका गौहर, मेघराज मोंग्रे, दीपक उईके का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में प्रतियोगिता के आयोजन स्पोर्ट ऑफिसर क्रीड़ा अधिकारी द्वारा सभी छात्राओं को अगली प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी गई।

महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक द्वारा सभी अतिथियों, निर्णायको का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल की स्पोर्ट ऑफिसर रश्मि मैडम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय सारणी, जेएच शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल, कन्या महाविद्यालय बैतूल एवं शासकीय महाविद्यालय मुलताई की टीम उपस्थित हुई।सारणी की टीम डॉ.नागले के नेतृत्व में पहुंची।

## सार समाचार

### निनाद सिंगर्स कल देंगे गायकी के सरताज किशोर कुमार को श्रद्धांजलि

**इटारसी, देशबन्धु।** निनाद सिंगर्स 13 अक्टूबर सायं 7 बजे से पं.भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में देश के प्रसिद्ध गायक किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर उनके गाये मधुर गीतों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम प्रवक्ता शैलेष जैन व रोहित नागे ने बताया कि इस कार्यक्रम में शहर में संगीत कार्यक्रमों का आयोजन करने वाले आयोजनकर्ता, इटारसी सांस्कृतिक मंच और इटारसी के कुछ कराओके ग्रुप संचालकों का सम्मान भी किया जायेगा। इस अवसर पर शहर के अभिनेता राहुल चेलानी को विशेष सम्मान रशोकि रमाकु से सम्मानित किया जाएगा। आचार संहिता को देखते हुये कार्यक्रम ठीक 7.30 पर प्रारंभ कर दिया जायेगा।

### सलकनपुर में ऊपर नहीं ले जा सकेंगे वाहन, केवल प्रायवेट टैक्सियों को अनुमति

**इटारसी, देशबन्धु।** नवरात्रि में सलकनपुर में विराजीं मां विजयासन के दर्शन के इच्छुक भक्त अपने वाहन मंदिर तक नहीं ले जा सकेंगे। सीहोर जिला प्रशासन ने केवल प्रायवेट टैक्सियों को ही ऊपर तक जाने की अनुमति दी है। दूसरे वाहनों को नीचे ही रोक दिया जाएगा। भक्त रोप-वे और सीढ़ियों से ऊपर जा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक नवरात्रि पर्व मनाया जाना है। सलकनपुर में इस दौरान प्रतिदिन हजारों भक्त देवी दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में कानून व्यवस्था और सुरक्षा को देखते हुए मुख्य मार्ग से मंदिर की ओर जाने वाले ऊपरी मार्ग पर स्थानीय प्रशासन से अनुमति प्राप्त प्रायवेट टैक्सियों को छोड़कर समस्त वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

### उप डाकघर पचमढ़ी में पार्सल पैकेजिंग यूनिट का शुभारंभ आज

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जनता को डाक का इतिहास जानने और समझने के क्रम में भारतीय डाक विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय डाक सप्ताह 09 अक्टूबर 2023 से 13 अक्टूबर 2023 तक मनाया जाता है, जिसके परिप्रेक्ष्य में भारतीय डाक विभाग के द्वारा पचमढ़ी उप डाकघर में पार्सल पैकेजिंग यूनिट का शुभारंभ कल 13 अक्टूबर को किया जा रहा है। प्रवर डाक अधीक्षक नर्मदापुरम समीर महाजन ने बताया कि आधुनिकता के इस परिप्रेक्ष्य में अब डाक विभाग भी जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये कदम से कदम मिलाते हुये प्रगति की ओर अग्रसर है। सभी प्रकार की सामग्री (निषेध वस्तुओं को छोड़कर) डाक को पार्सल के माध्यम से भेजने हेतु भारतीय डाक विभाग द्वारा निर्धारित दर पर पार्सल पेकिंग की सुविधा प्रदाय की जाएगी।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश

# निर्वाचन के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने गुरुवार को सोहागपुर और पिपरिया विधानसभा का भ्रमण कर यहां सेक्टर ऑफिसर्स और सेक्टर पुलिस ऑफिसर्स की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से वन टू वन चर्चा कर क्रिटिकल और वल्नरेबल मतदान केंद्र की जानकारी, आपराधिक तत्वों और उनके खिलाफ कार्यवाही, एक सेक्टर में मतदान केंद्र की अधिकतम दूरी, वेबकास्टिंग, संयुक्त विजिट इत्यादि बिंदुओं पर जानकारी ली। सबसे पहले कलेक्टर एवं एसपी ने सोहागपुर और उसके बाद पिपरिया में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि निर्वाचन के दायित्वों को सर्वोच्च प्राथमिकता से निभाएं। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष निर्वाचन में सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। सभी अधिकारी द्वारा व्यवस्थित ढंग से अपने मतदान केंद्रों का संयुक्त भ्रमण कर वहां क्रिटिकल और वल्नरेबल मतदान केंद्रों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाएं। स्थानीय लोगों में विश्वास उत्पन्न करें। सूचना तंत्र मजबूत बनाएं। आपराधिक प्रवृति के लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाएं। उन्होंने कहा की निर्वाचन में ईवीएम का संचालन सबसे महत्वपूर्ण है। सुनिश्चित करें कि निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत ईवीएम का संचालन किया जाए। जिसमें सभी सेक्टर ऑफिसर भी दक्ष हों। पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने भी सख्त निर्देश दिए कि निर्वाचन के कार्यों में कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी। सभी सेक्टर और सेक्टर पुलिस अधिकारी लगातार 10 दिन अपने मतदान केंद्रों का भ्रमण कर क्रिटिकल और वलनेरबल मतदान केंद्रों का चिन्हांकन करें। वहां आपराधिक कार्यों में संलिप्त तत्वों की भी समीक्षा कर वहां प्रिवेंटिव एक्शन लिए जाए। जिला बदर सहित धारा 122 की भी कार्यवाही की जाएं। अवैध शराब के विक्रय और परिवहन पर सख्त कार्यवाही की जाएं। उन्होंने सख्त निर्देशित किया कि पूरी मुस्तादी से अपने कार्यों का निर्वहन करें। गलती की कोई भी गुंजाइश न रहे। अगली समीक्षा बैठक में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने तहसील कार्यालय पिपरिया और सोहागपुर का भ्रमण कर यहां नाम निर्देशन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील कार्यालय में अभ्यर्थियों के आने, सीसीटीवी ,पार्किंग आदि व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने नाम निर्देशन की सभी तैयारियां शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### सिक्योरिटी पेपर मिल में मतदाता जागरूकता के तहत संगोष्ठी आयोजित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** सिक्योरिटी पेपर मिल नर्मदापुरम में वोटर अवेयरनेस फोरम के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारी, कर्मचारियों को एक संगोष्ठी कर जागरूक किया गया एवं उनको यह भी जानकारी दी गई कि जिस स्थान पर मतदाता सूची में नाम है, कृपया वहां पर आप मतदान अवश्य करें। देश के हित में कार्य करें साथ ही सीआईएसएफ अधिकारी कर्मचारियों को मतदान के लिए मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

### निर्वाचन संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान निर्वाचन संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी शिकायत जिला निर्वाचन कार्यालय ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिप्रेक्ष्य में निर्वाचन को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराने के लिए नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत रजिस्टर के लिए जिला स्तर पर शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष कार्यालय कलेक्टर भवन के प्रथम तल पर स्थापित किया गया है। यह शिकायत नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यशील रहेगा। उक्त जिला स्तरीय शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष के सुचारू संचालन के लिए संयुक्त कलेक्टर फरहीन खान को नोडल अधिकारी एवं जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन आनंद झैरवार को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्वाचन के दौरान आमजन अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए निर्वाचन आयोग के टोल फ्री नंबर 1950 पर अथवा जिला स्तरीय शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमांक 07574 251292 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा लिखित में जिला निर्वाचन कार्यालय को भी शिकायत की जा सकती है। इसके साथ ही निर्वाचन कार्य को पूर्ण पारदर्शिता प्रदान करने के लिए निर्वाचन आयोग की सीविजिल मोबाइल एप के द्वारा दृश्य श्रव्य माध्यम से भी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** सिवनी मालवा नगर पालिका एवं एसडीएएम महाविद्यालय द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 स्वीप गतिविधि के अंतर्गत जय स्तंभ चौक पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रहवासियों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। जिसमे छात्र छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में युवाओं को जागरूक करना आवश्यक है। विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदाता अधिक से अधिक मतदान करें जिससे प्रदेश को सही हाथों में देने के लिए आपकी भी भागीदारी रहे। वोट देने की क्षमता न केवल एक अधिकार है, बल्कि एक जिम्मेदारी भी है, क्योंकि यह सुनिश्चित करता है कि सभी नागरिक अपनी आवाज उठाएं और सरकार में अपने हितों का प्रतिनिधित्व करें। छात्र छात्राओं द्वारा शपथ भी दिलाई गई की हम भारत के नागरिक लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना शत प्रतिशत मतदान करेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेगे नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति,आदर्श, श्रृष्टि, कशिश, प्राची, त्रशिका, मांशी, हिमानी, आकिब, प्रयाग, सोनिया के द्वारा दी गई। जिसमें जिसमें मुख्य नगरपालिका अधिकारी शीतल भलावी, मुख्य लिपिक संजय गोयल, स्वीप प्रभारी महेंद्र परिहार, उपयंत्री राहुल शर्मा, चंद्रकांत कवर स्वच्छता निरीक्षक डॉ प्रशांत कुमार शर्मा, प्राचार्य राजेश कुशवाहा, महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और बच्चो का उत्साहवर्धन किया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी शीतल भलावी ने बताया कि निकाय द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत प्रतिशत मतदान हेतु स्वीप अंतर्गत गतिविधियां संचालित कराई जा रही है जिसमें सिवनी मालवा क्षेत्र के अन्य विभागों के साथ मिलकर नुक्कड़ नाटक एवं अन्य गतिविधियां संचालित कराई जा रही है ताकि मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा सके।



## विधायक डॉ. शर्मा के समर्थन में सैंकड़ों लोग पहुंचे प्रदेश कार्यालय भोपाल



**इटारसी, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में वर्तमान विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा को नर्मदापुरम विधानसभा से टिकट देने की मांग लेकर आज सैंकड़ों भाजपायी भोपाल भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचे हैं। इनमें दोनों शहर के नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद और पार्टी के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि चुनावों के दौरान पार्टी की गुटबाजी सड़क पर आ गयी है। बीते दो बार से प्रयास कर रहे नर्मदा अस्पताल के संचालक डॉ. राजेश शर्मा के अलावा नर्मदापुरम के पूर्व नपाध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल भी टिकट की दौड़ में हैं। डॉ. शर्मा के पार्टी में राजनीतिक विरोधी उनके टिकट का विरोध करने भोपाल हो आये हैं, अब उनके समर्थक टिकट की मांग लेकर भोपाल पहुंचे हैं।

आज इटारसी और नर्मदापुरम के पार्षदों के साथ पार्टी कार्यकर्ता भोपाल पहुंचे और भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश कार्यालय में डॉ सीतासरन शर्मा के समर्थन में अपनी बात रखी।

इस दौरान डॉ. शर्मा समर्थक नेताओं ने केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश प्रभारी भूपेन्द्र यादव से मुलाकात कर डॉ शर्मा को टिकट देने की मांग की। प्रदेश प्रभारी भूपेन्द्र यादव से प्रतिनिधि मंडल के सदस्य इटारसी नपाध्यक्ष पंकज चौरे, नर्मदापुरम नपाध्यक्ष नीतू यादव, मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा सहित, सैनिक प्रकोष्ठ के साथ दोनों शहरों के नपा उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा एवं महिला पार्षद आदि ने मुलाकात की। प्रभारी भूपेंद्र यादव के समक्ष नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने डॉ सीतासरन शर्मा के समर्थन में अपनी रखी।

## नवरात्रि उत्सव पर बूढ़ी माता मंदिर में होंगे अनेक आयोजन



**इटारसी, देशबन्धु।** शारदीय नवरात्रि 15 अक्टूबर, रविवार से प्रारंभ हो रही है। इस धार्मिक आयोजन के अंतर्गत नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थित मंदिरों में अनेक आयोजन होंगे। दुर्गा उत्सव के लिए समितियों ने पंडाल निर्माण भी शुरू कर दिया है। शारदीय नवरात्र में नवरात्रि में आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजन की जानकारी में श्री बूढ़ी माता मंदिर समिति के सचिव जगदीश मालवीय ने बताया कि नवरात्रि उत्सव इस 15 अक्टूबर से होकर शुरू होकर 24 अक्टूबर विजयदशमी तक रहेगा। मालवीयगंज स्थित श्री बूढ़ी माता मंदिर में समिति द्वारा शारदीय नवरात्र पर्व 15 अक्टूबर रविवार से शुरू होकर होकर अनेक धार्मिक कार्यक्रमों के साथ 23 अक्टूबर तक भक्ति भाव से मनाया जाएगा। श्री बूढ़ी माता मंदिर परिसर में पहले दिन 15 अक्टूबर रविवार को रात्रि 10 बजे मांगलिक भवन में 351 अखंड ज्योति घाट की स्थापना की जाएगी। प्रतिदिन पूजन, दुर्गा पाठ, जप, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। भक्तों के सहयोग से फलाहारी प्रसाद का वितरण प्रतिदिन 22 अक्टूबर तक किया जाएगा। दुर्गा नवमी पर 23 अक्टूबर को हवन दोपहर 1 बजे से इसके पश्चात आरती की जाएगी और कन्या भोजशाम को 5 बजे से और भंडारा शाम 7 बजे से होगा।

## करीब सवा लाख की अवैध शराब और सामग्री जब्त



**नर्मदापुरम, देशबन्धुं।** आबकारी विभाग द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर गठित विशेष आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा नर्मदापुरम एवं पिपरिया क्षेत्र में अवैध मदिरा परिवहन की रोकथाम हेतु वाहन चैकिंग एवं क्षेत्र अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही में 2 पेटी देशी शराब कुल 110 लीटर कच्ची हाथभट्टी शराब और 1080 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया है। अनुमानित कीमत कुल 128000 रुपए बतायी गयी है।

आगामी विधानसभा निर्वाचन पूर्व अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, संग्रहण और विक्रय को रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर नर्मदापुरम नीरज कुमार सिंह के निर्देश पर एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन विशेष आबकारी उड़नदस्ते गठित किये गए अवैध मदिरा के बिक्री, निर्माण, परिवहन एवं संधारण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी उड़नदस्ता टीम पिपरिया एवं नर्मदापुरम द्वारा पिपरिया क्षेत्र में रायखेड़ी रोड आबकारी उड़नदस्ता टीम की कार्रवाई पर आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही। 780 किलो ग्राम लाहन और 80 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 4 प्रकरण कायम किए गए जप्त सामग्री की अनुमति कीमत 94000 रुपए, वृत्त नर्मदापुरम शहर में आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा सिकलिकर, रायपुर एवं मालाखेड़ी के संदिग्ध स्थलों पर छापामार कार्रवाईकर कुल 2 पेटी देसी शराब, 300 किलो महुआ लाहान,30 लीटर जब्त कर प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34.1(क)के तहत 03 प्रकरण पंजीबद्ध किए गये। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 34000 रुपए है।

कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक नीलेश पवार, सुयश फौजदार, कैलाश अखंडे, योगेश महोबिया, संतोष ठाकुर, सियाराम पटेल, आबकारी मुख्य आरक्षक रामदत्त शर्मा आरक्षक, विकास लोखंडे, धर्मेंद्र वारंगे, राजा सैनी, भावना यादव, तारा पवार, प्रगति पंडोले एवं नगर सैनिक मोहन यादव का सराहनीय योगदान रहा।

## एशियन गेम्स हॉकी टीम के स्वर्ण पदक जीतने पर विवेक का हुआ सम्मान



**इटारसी, देशबन्धु।** एशियन गेम्स में हॉकी टीम के गोल्ड मैडल जीतने के बाद गृह नगर आये भारतीय हॉकी टीम के अहम सदस्य विवेक सागर प्रसाद का यहां गांधी मैदान पर आत्मीय स्वागत-सम्मान किया। गोल्ड मैडल के साथ मैदान पर आये विवेक का हॉकी खिलाड़ियों ने हॉकी ऊपर करके स्वागत किया। वरिष्ठ खिलाड़ियों ने उनको फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दी। विवेक के आगमन पर आतिशबाजी की और ढोल-ढमाकों के साथ मैदान पर लेकर आए।

इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष शिरीष कोठारी, जयराज सिंह भानू, सचिव कन्हैया गुरयानी, कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंह सैनी, वरिष्ठ खिलाड़ी राजेन्द्र तोमर, अरुण रावर्ट, खिलाड़ी मो.इदरीश, साजिद मलिक, मो. जाफर सिद्दीकी, सर्वप्रीत सिंघ भाटिया, अजय अल्वर्ट, अमनकीत सिंघ भाटिया, निशांत अगस्टीन, रिंकू भाटिया, हिमांशु बाबू अग्रवाल, रमाकांत कौल, गीत सिंह ठाकुर, शफीक खान सहित कई सीनियर और जूनियर खिलाड़ी मौजूद रहे।

सम्मान समारोह में जिला हॉकी संघ के मार्गदर्शक एससी लाल ने विवेक के जरिये पूरी भारतीय हॉकी टीम को जीत के लिए बधाई और पेरिस ओलंपिक के लिए शुभकामनाएं दीं। डीएचए अध्यक्ष प्रशांत जैन ने कहा कि एशियन गेम्स में भारतीय टीम के गोल्ड जीतने पर हम गौरवान्वित हैं। विवेक टीम के सबसे युवा खिलाड़ी हैं और उनके पास बड़ा अवसर है, हम कामना करते हैं कि भविष्य में वे भारतीय टीम का नेतृत्व भी करें।

सम्मान से अभिभूत विवेक सागर ने कहा कि जब भी कोई बड़ी प्रतियोगिता जीतकर आता हूं तो गृहनगर में बहुत प्यार मिलता है। उन्होंने नन्हे खिलाड़ियों से कहा कि आप इतनी मेहनत करें कि यह शहर आपके नाम से भी जाना जाए। उन्होंने कहा कि आपके कोच जो बताएं उसे ध्यान से सुनें और अमल करें, परिवार का सम्मान करें। संचालन हिमांशु बाबू अग्रवाल ने तथा आभार प्रदर्शन कन्हैया गुरयानी ने किया।

### शांति समिति की बैठक में समिति सदस्यों को दी जानकारी

## दुर्गा उत्सव पर रहेगा आचार संहिता के नियमों का शिकंजा

### रात 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तार यंत्रों को सख्ती से मनाही

### जुलूस में किसी भी प्रकार के हथियारों का प्रदर्शन प्रतिबंधित

**इटारसी, देशबन्धु।** 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक चलने वाले दुर्गा उत्सव, श्रीराम लीला दशहरा उत्सव पर भी आचार संहिता के नियमों का शिकंजा रहेगा। इस दौरान उत्सव समितियों को सभी नियम पालन करने होंगे। रात 10 से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की सख्ती से मनाही है। इसके उल्लंघन पर साउंड सिस्टम जब्त कर लिया जाएगा। जुलूस में हथियारों का उपयोग पूरी तरह से वर्जित है, यदि मिले तो सीधे मुकदमा ही बनेगा।



यह सारी बातें आज यहां विश्राम गृह में हुई शांति समिति की बैठक में सर्वसंबंधितों को बतायी गयी है। बैठक में एसडीएम नीता कोरी, एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान, सीएमओ रितु मेहरा, टीआई गौरव सिंह बुंदेला, विद्युत मंडल से शहर प्रबंधक अखिलेश कनोजे, नायब तहसीलदार हीरू कुमरे सहित धर्मसंघ के सदस्य, उत्सव समितियों के सदस्य, साउंड सिस्टम संचालक आदि मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे ने अधिकारियों को बताया कि यहां दो स्थानों पर दशहरा उत्सव होता है और दोनों जगह रावण दहन होगा। अधिकारियों ने कहा कि तय वक्त पर रावण दहन कराना होगा, गुरुद्वारा में स्थापित होने वाली काली समिति और दुर्गा चौक की दुर्गा समिति के सदस्यों को कहा गया है कि वे शाम को जल्दी मूर्ति लेकर आएं ताकि 8 बजे तक रावण दहन हो सके।

#### 98 जगह मूर्ति स्थापना

बैठक में पुलिस विभाग की ओर से बताया है कि इस वर्ष 98 स्थानों पर मूर्तियां स्थापित करने की अब तक जानकारी आयी है। सभी समितियों को एसडीएम द्वारा पत्र जारी करके नियम पालन करने के लिए कहा जाएगा। पंडाल की सुरक्षा की जिम्मेदारी समिति की रहेगा, दो सदस्यों को रात में पंडाल में सोना होगा।

#### मतदान जागरुकता का संदेश

एसडीएम नीता कोरी ने कहा कि सभी दुर्गा उत्सव समितियां अपने-अपने पंडाल के आसपास मतदाताओं को जागरुक करने वाले बैनर-पोस्टर्स आदि लगाएं और हो सके तो माइक के माध्यम से आरती के वक्त लोगों को आगामी समय में होने वाले विधानसभा चुनावों में मतदान करने के लिए प्रेरित अवश्य करें।

#### अनुमति नियमानुसार ही मिलेगी

इस दौरान साउंड संचालकों ने प्रस्ताव रखकर मांग की थी कि उनको चार साउंड बाक्स लगाने की अनुमति दी जाए, इस पर एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि कोई भी अनुमति आचार संहिता और गाइड लाइन के मुताबिक ही प्रदान की जाएगी। 10 बजे के बाद साउंड चलते मिले तो सख्ती से जब्त किये जाएंगे।

भारत निर्वाचन आयोग ने की इंदौर-उज्जैन संभाग में चुनाव तैयारियों की समीक्षा

# निष्पक्ष और शांतिपूर्वक मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश

**भोपाल, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश अनुपम राजन द्वारा आज इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में इंदौर एवं उज्जैन संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों की बैठक में विधानसभा चुनाव-2023 की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

### मतदान का प्रतिशत पिछले चुनाव की तुलना में बढ़ाने के निर्देश

बैठक में निर्देशित किया गया कि मतदाता सूची में डुप्लीकेशन ना हो। मृत लोगों के नाम सूची में ना रहें। जिन मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए हों उनके ईपिक कार्ड वितरित किए जाएं। सभी रिटर्निंग आफिसर अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का भ्रमण कर लें और मतदान केंद्रों पर सभी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जिन मतदान केंद्रों में 1500 से अधिक मतदाता हैं ऐसे मतदान केंद्रों को मतदाता की सुविधा के लिए दो भागों में विभक्त किया जाए और नया मतदान केंद्र उसी परिसर में या निकटवर्ती भवन में बनाया जाए। मतदान केंद्र पर मतदान कराने के लिए आने वाले मतदान दल और सुरक्षाकर्मियों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाये, जिससे उनका मतदान कराने में अच्छा अनुभव रहे।

बैठक में निर्देशित किया गया कि चुनाव कार्य में लगने वाले कर्मचारियों, 80 वर्ष से अधिक की आयु के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए बैलेट की तैयारी अच्छी तरह से की जाये। बीएलए को भी पता होना चाहिए कि किन मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की सुविधा दी जाना है। चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाये। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाए, जिससे कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिक पोस्ट या रि-पोस्ट कर माहौल बिगाड़ने का काम ना कर सके। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर प्रतिबंधात्मक और जिला बदर की कार्यवाही की जाये। चुनाव को प्रभावित करने वाली सामग्री की रोकथाम के लिए जिले में और राज्य की सीमाओं में नाके लगाकर वाहनों की सख्ती से जांच की जाये। मदिरा के अवैध निर्माण और परिवहन पर सख्त कार्यवाही की जाये। फ्लाइंग स्कॉड और एसएसटी द्वारा मुस्तैदी से काम किया जाये।

बैठक में निर्देशित किया गया कि चुनाव संबंधी शिकायतों के लिए बनाए गये सी-विजिल मोबाइल एप का व्यापक प्रचार किया जाए। वल्नरेबल क्षेत्र के मतदान केंद्रों में सुरक्षा के इंतजाम करने के साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये गए। बैठक में शामिल सभी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों द्वारा अपने ज़िले में निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी गई।

बैठक में निर्वाचन आयोग के संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान, पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा मध्यप्रदेश तथा राज्य पुलिस नोडल अधिकारी अनुराग सहित इंदौर कमिश्नर मालसिंह, उज्जैन कमिश्नर संजय गोयल, उज्जैन आईजी संतोष कुमार सिंह, पुलिस कमिश्नर इंदौर मकरंद देउस्कर, पुलिस महानिरीक्षक ग्रामीण राकेश गुप्ता एवं इंदौर, बड़वानी, धार, खंडवा, झाबुआ, बुरहानपुर, अलीराजपुर, खरगोन, उज्जैन, नीमच, आगर मालवा, शाजापुर, देवास, मंदसौर, रतलाम जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे।

नर्मदापुरम, मऊगंज और पंधाना के कार्यकर्ता भोपाल पहुंचे

# भाजपा कार्यालय पर किया प्रदर्शन, प्रत्याशी बदलने की मांग

**भोपाल, देशबन्धु।** मऊगंज, नर्मदापुरम और पंधाना के कार्यकर्ता भोपाल पर पहुंचे और भाजपा कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी अपने-अपने क्षेत्रों से विधानसभा प्रत्याशी बदलने की मांग कर रहे थे।

बता दें कि भाजपा अब तक 136 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर चुकी है। जिसके बाद कई सीटों पर विरोध की स्थिति बन रही है। मऊगंज से आए कार्यकर्ता ने वर्तमान विधायक और प्रत्याशी प्रदीप पटेल पर सनातन विरोधी होने का आरोप लगाया और टिकट बदलने की मांग रखी। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि भाजपा प्रत्याशी पर सनातन विरोधी है और उन्होंने धर्मग्रंथ जलाया, तुलसी पर पेशाब की। वे अपना काम साधने के लिए भाजपा में बने हुए हैं। साथ ही चेतावनी दी कि यदि भाजपा ने प्रत्याशी नहीं बदला तो भाजपा को वोट नहीं देंगे।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और विधायक सीतासरन शर्मा के खिलाफ भी नर्मदापुरम के पार्टी कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया। नर्मदापुरम क्षेत्र से वर्तमान विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीतासरण शर्मा के विरोध






में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारी परिवारवाद, सामंतवाद नहीं चलेगा और कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे कराने वाला नहीं चलेगा जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर भाजपा कार्यालय परिसर में बैठे रहे। सीतासरण के विरोध में आए लोगों ने मौन रखा।

वहीं खंडवा जिले की पंधाना विधानसभा सीट से भी करीब एक दर्जन महिलाएं भोपाल पहुंची और वर्तमान विधायक राम दांगोरे को बदलने की मांग की।

इधर खंडवा जिले की पंधाना विधानसभा सीट से भी भाजपा टिकट की 9 दावेदारों सहित दर्जन भर महिलाएं भोपाल पहुंची और मौजूदा विधायक राम दांगोरे को बदलने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारी सोनाली रांगेडे ने कहा कि वर्तमान विधायक का क्षेत्र में भारी विरोध है। उन्होंने दांगोरे को बाहरी प्रत्याशी बताते हुए स्थानीय कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाने की मांग की।

### सीतासरण के समर्थन में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मिले

दूसरी तरफ सीतासरण शर्मा के समर्थन में भी कार्यकर्ताओं ने भाजपा पदाधिकारियों से मुलाकात की। बुधवार को सीतासरण के समर्थन में पार्षद, जनपद पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य सहित अन्य पदाधिकारी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा से मिले थे।

पीएफआई को लेकर कांग्रेस नेता के बयान पर बोले शिवराज

# प्रियंका बताएं कि क्या वह इस बयान से सहमत हैं



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रतिबंधित संगठन पीएफआई को लेकर दिग्विजय सिंह के बयान के बाद भाजपा के तेवर आक्रामक हो गए हैं। श्री सिंह के बयान पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस आलाकमान से ही सवाल पूछ लिया।

उन्होंने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से इस मामले में अपना रूख स्पष्ट करने की मांग करते पर पूछा कि दिग्विजय सिंह पीएफआई पर कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं, क्या ये कांग्रेस का रुख है? क्या आप उनके बयान से सहमत हैं?



उल्लेखनीय है कि दिग्विजय सिंह के उज्जैन प्रवास के दौरान बुधवार को जहां मीडिया ने उनसे पीएफआई पर कार्रवाई को लेकर सवाल किया था। इस पर दिग्विजय सिंह ने कहा था - बात ये है कि यदि पीएफआई के ऊपर इस प्रकार का आरोप है तो आप दस छापे मारिए हमें कोई आपत्ति नहीं हैं। लेकिन, देखने में आ रहा है कि जितनी भी इन्होंने छापेमारी की है 97 प्रतिशत केस झूठे पाए गए हैं।

### दिग्विजय बोले, तोड़-मरोड़कर पेश किया बयान

इधर, दिग्विजय सिंह ने इस मामले में सोशल मीडिया पर लिखा- कुछ मीडिया संगठनों द्वारा पूछे गए सवाल पर मेरे जवाब को गलत तरीके से तोड़-मरोडकर पेश किया जा रहा है, जो कि मैंने नहीं कहा है। सांप्रदायिकता भड़काने वाले संगठन पीएफआई का मैंने कभी समर्थन नहीं किया है। मैं धर्म के नाम से सांप्रदायिकता फैलाने वालों के खिलाफ रहूंगा।

विधायक शर्मा ने कांग्रेस को घेरा, कहा-

# दिग्विजय का बयान दुर्भाग्यपूर्ण




**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधायक रामेश्वर शर्मा ने पीएफआई पर कार्रवाई के संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा दिए बयान को लेकर कांग्रेस को घेरा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जहां हमास के आतंकियों की इस बर्बरता की मुस्लिम देशों तक ने आलोचना की है, भारत सरकार ने भी इस बर्बरता के खिलाफ इजराइल के साथ एकजुटता दिखाई है। कांग्रेस ने इस बारे में अपने बयान में विरोध का एक शब्द भी नहीं बोला। जबकि दूसरी तरफ कांग्रेस के दिग्विजय सिंह जैसे नेता आतंकवादी संगठन पीएफआई के खिलाफ सरकार की कार्रवाई के विरोध में बयान दे रहे हैं।

विधायक शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं द्वारा जिस तरह हमास और पीएफआई जैसे संगठनों का समर्थन किया जा रहा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश और शांति के टापू मध्यप्रदेश के वातावरण में भी जहर घोलना चाहती है, लेकिन हम इस तरह की कट्टरता को प्रदेश में बढ़ावा नहीं देने देंगे। भाजपा के हवाले से उन्होंने पूछा सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से यह पूछना चाहते है कि हमास की बर्बरता और पीएफआई को दिग्विजय सिंह के समर्थन के बारे में उनकी क्या राय है?

# सामुदायिक दुर्गा पूजा के उद्घाटन में शामिल नहीं होंगी ममता बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी।** अपनी वार्षिक परंपरा को तोड़ते हुए, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री मनता बनर्जी लंबे समय तक अंगों की चोटों के कारण इस साल सामुदायिक दुर्गा पूजा का शारीरिक रूप से उद्घाटन नहीं करेंगी और इसके बजाय इसे अपने आवास से वस्तुत: करेंगी। चोटों के कारण मुख्यमंत्री पिछले महीने से दक्षिण कोलकाता के कालीघाट स्थित अपने आवास से काम कर रही हैं। एक कैबिनेट सदस्य ने कहा, 'उन्होंने इस वर्ष लगभग 800 सामुदायिक पूजाओं का वस्तुत: उद्घाटन करने का निर्णय लिया है। इसकी शुरुआत गुरुवार दोपहर को कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में श्रीभूमि सामुदायिक दुर्गा पूजा के उद्घाटन के साथ होगी, जहां मुख्य संरक्षक राज्य अग्निशमन सेवा मंत्री सुजीत बसु हैं।

# कांग्रेस ने आदिवासियों को वोट बैंक समझा, भाजपा ने अधिकार संपन्न बनाया



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कांग्रेस पार्टी ने आदिवासी समाज के उत्थान के लिए कोई कार्य नहीं किया। आज भी कांग्रेस पार्टी जनजातीय समाज को चुनाव के समय ही याद करती है। आजादी के बाद करीब 60 वर्षों तक देश में शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी ने आदिवासी भाई-बहनों के कल्याण के लिए कोई कार्य नहीं किया। कांग्रेस पार्टी देश के भोले-भाले आदिवासियों को वोट बैंक समझती रही है।

यह बात भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री शर्मा ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा मंडला में एक सभा में दिए गए भाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से झूठे आंकड़े प्रस्तुत कर जनता को बरगलाने का कार्य किया है। कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान महिला अपराध में नंबर एक पर है, उसे लेकर बात नहीं की जाती। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए लाड़ली बहना योजना के तहत प्रति माह एक करोड़ 31 लाख से अधिक महिलाओं को 1250 रूपए दिए जा रहे हैं। बच्चियों के साथ गलत काम करने वालों को फांसी देने का कानून मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बनाया है। बेरोजगारी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का कार्य चल रहा है। केंद्र सरकार भी प्रतिमाह 70 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति-पत्र सौंप रही है।

हुजूर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा में बोले शिवराज, फिर बनाएं सरकार

# हर गरीब को जमीन का मालिक बनाऊँगा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को भोपाल की हुजूर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा के समर्थन में विशाल चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान श्री चौहान ने उपस्थित जनसमूह को विश्वास दिलाते हुए कहा कि मैं वचन देता हूँ भारतीय जनता पार्टी की सरकार में कोई गरीब बिना जमीन के नहीं रहेगा, सबका अपना आवास होगा। उन्होंने कांग्रेस की कमलनाथ सरकार के सवा साल की सरकार पर सवाल खड़े किए तो वहीं कमलनाथ पर प्रदेश को बदनाम करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा को भारी बहुमत से जिताकर भाजपा की सरकार बनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कमलनाथ को जिस प्रदेश ने मुख्यमंत्री और सांसद बनाया उसी प्रदेश को वह बदनाम करते हैं। कहते हैं यह बेईमानों का प्रदेश है, यह चौपट प्रदेश है। कहते हैं यह भ्रष्टाचारियों का प्रदेश है। पहले कहते थे भारत महान नहीं बदनाम है। क्या यही कांग्रेस की सोच है..? यह अपने देश





को और मध्यप्रदेश को बदनाम करते हैं। उन्होंने कहा कमलनाथ जी आपको शर्म आना चाहिए जिस मध्यप्रदेश की माटी ने आपको सब कुछ दिया, उस प्रदेश को बदनाम करने का पाप आप कर रहे हो।

### भ्रष्टाचार और बंटाढ़ार का चेहरा हैं कमलनाथ-दिग्विजय

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में अगर भ्रष्टाचार का कोई चेहरा है तो वह चेहरा कमलनाथ जी का है सवा साल के कार्यकाल में कमलनाथ ने भ्रष्टाचार के रिकार्ड बनाए है तो वहीं मध्यप्रदेश में बंटाढार का कोई चेहरा है तो वह दिग्विजय सिंह का चेहरा है। मध्यप्रदेश की जनता ये बहुत अच्छे से जानती है।श्री चौहान ने कहा कि ये मामा का वचन है, मैं मध्यप्रदेश की धरती पर किसी को बगैर जमीन-मकान के नहीं रहने दूंगा। हर गरीब को रहने की जमीन का मालिक बनाऊंगा। हमने मुख्यमंत्री भू-आवासीय जमीन योजना बनाई है। हम सबको सरकारी जमीन रहने के लिए देंगे। सरकारी नहीं होगी तो खरीदकर दी जाएगी।उन्होंने कहा कि मेरे बहनों, भाइयों हम सरकार नहीं, परिवार चलाते हैं। मैंने हमेशा एक परिवार की तरह सरकार चलाई है। उन्होंने कहा हम उजाड़ने के लिए नहीं बसाने के लिए हैं। हुजूर विधानसभा क्षेत्र में गरीबों को पट्टे दे दिए गए हैं, उन्हें तोड़ने की बात आई है मेरे बहनों भाइयों ये भारतीय जनता पार्टी की सरकार के रहते हुए कोई आपको अपनी जमीन से नहीं हटा सकता। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा मुझे गर्व है कि हमारे पास रामेश्वर शर्मा जैसे नेता हैं जो जनता की दिन और रात सेवा करते हैं। भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा ने भी आपको परिवार माना।

### खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई स्थगित की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगा मामले में पूर्व जेएनयू स्कॉलर और कार्यकर्ता उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई गुरुवार को स्थगित कर दी। समय की कमी का हवाला देते हुए न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी और दीपांकर दत्ता की पीठ ने सुनवाई 1 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। खालिद ने पिछले साल जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका दायर की है। खालिद का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि वह 20 मिनट में दिखा सकते हैं कि खालिद के खिलाफ कोई मामला नहीं है। कपिल सिब्बल ने अदालत से गुरुवार को सुनवाई पर विचार करने का अनुरोध करते हुए कहा, 'वह एक युवा छात्र है, पीएचडी धारक है, तीन साल से सलाखों के पीछे है, यह चल रहा है।'

# अयोध्या मस्जिद का नाम होगा 'मुहम्मद बिन अब्दुल्ला मस्जिद'

**मुंबई, एजेंसी।** देश की सभी मस्जिदों के संगठन ऑल इंडिया राबता-ए-मस्जिद (एआईआरएम) ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के धन्नीपुर में प्रस्तावित मस्जिद का नाम पैगंबर के नाम पर 'मुहम्मद बिन अब्दुल्ला मस्जिद' रखने का फैसला किया है। भाजपा नेता हाजी अरफात शेख की पहल पर विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों के सभी वरिष्ठ मौलवियों की भागीदारी के साथ यहां आयोजित एआईआरएम सम्मेलन में इस निर्णय की घोषणा की गई। धन्नीपुर मस्जिद स्थल सदियों पुरानी बाबरी मस्जिद के मूल स्थान से लगभग 22 किमी दूर है। बाबरी मस्जिद को 6 दिसंबर 1992 को गिरा दिया गया था, अब इस स्थान पर भव्य भगवान राम मंदिर का निर्माण पूरा होने वाला है। हाजी अरफात शेख ने कहा कि नवंबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आवंटित जगह पर बनने वाली नई मस्जिद भारत की सबसे बड़ी मस्जिद होने का वादा करती है।

### देश की सभी मस्जिदों के संगठन एआईआरएम ने किया फैसला

### 9,000 लोग एक साथ नमाज अदा कर सकेंगे

मस्जिद में 5,000 पुरुषों और 4,000 महिलाओं समेत 9,000 लोग एक साथ नमाज अदा कर सकेंगे। पूरे मस्जिद परिसर में, हमारे संसाधनों के माध्यम से अतिरिक्त भूमि की खरीद के साथ, चिकित्सा, शैक्षिक और सामाजिक सुविधाएं भी होंगी। अन्य वक्ताओं ने कहा कि सुप्रीम अदालत ने नई मस्जिद के लिए 5 एकड़ जमीन दी थी, और इसे एक ऐतिहासिक परियोजना बनाने के लिए अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करने के लिए 6 एकड़ जमीन खरीदने की योजना है। हाजी अरफात शेख ने कहा कि भव्य 'मुहम्मद बिन अब्दुल्ला मस्जिद' परिसर का काम, विभिन्न समूहों के बीच कुछ मतभेदों के कारण विलंबित हो गया था, अब जल्द ही धन्नीपुर स्थल पर शुरू होने वाला है।

# चुनाव आयोग ने तेलंगाना में अधिकारियों का तबादला किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत निर्वाचन आयोग ने तेलंगाना के 20 अफसरों का ट्रांसफर कर दिया। इन 20 अफसरों में 4 कलेक्टर, 3 पुलिस कमीश्नर, 10 स्क्र भी शामिल हैं। आयोग ने यह निर्णय तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव के चलते लिया है। आयोग ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के चलते इन अफसरों का तबादला किया गया है। आयोग ने इन अधिकारियों से अपना पद तुरंत छोड़ने और सभी जिम्मेदारियों को कलेक्टरेट, कमीश्नरेट और एसपी ऑफिस के अपने जूनियर अफसर को देने को कहा है। साथ ही आयोग ने कहा, ट्रासंफर किए गए अधिकारियों को 5 दिसंबर को चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी प्रकार का चुनावी काम नहीं दिया जाएगा।

### लापरवाही के चलते निर्णय, चुनाव पूरे होने तक कोई पदभार नहीं

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि ऐसे अधिकारियों की मौजूदगी में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना संभव नहीं होगा। आयोग ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि पक्षपातपूर्ण रवैये वाले अधिकारियों के प्रति आयोग का कड़ा रुख है और उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### मध्यप्रदेश में हो चुके हैं तबादले

निर्वाचन आयोग ने 9 अक्टूबर को पांच राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू की। मध्यप्रदेश में आदर्श आचार संहिता लगने के तीन दिनों के अंदर ही आयोग ने 4 अफसरों का ट्रांसफर कर दिया।

कोर कमांडर स्तर की 20वीं बैठक में भी नहीं निकला कोई समाधान

# लद्दाख के मोर्चे पर स्थिति जस की तस

• **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 12 देशबन्धु।** लद्दाख के मोर्चे पर स्थिति अभी भी जस की तस बनी रहेगी, इसलिए यह सर्दी भी भयानक तापमान में काटेंगें दोनों देशों के जवान क्योंकि 20वें दौर की वार्ता हुई फेल हो गई है। जानकारी के मुताबिक भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव कम करने के लिए कोर कमांडर स्तर की 20वें दौर की वार्ता की, लेकिन तत्काल कोई समाधान नहीं निकला।

रक्षा और सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि इसका मतलब यह है कि दोनों पक्षों के सैनिक लगातार चौथी सर्दियों तक एलएसी के साथ आगे के क्षेत्रों में तैनात रहेंगे। ऐसे में लद्दाख के मोर्चे की एक चिंताजनक बात यह है कि भारतीय सेना को एलएसी पर इन सर्दियों में भी टिके रहने के साथ चीन से जंग की तैयारी

### यह सर्दी भी भयानक तापमान में काटेंगें दोनों देशों के जवान

भी करनी पड़ रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि चीनी सेना द्वारा कब्जाए गए इलाकों में भूमिगत शेल्टर और बंकरों के निर्माण के बाद यह संकेत मिलने आरंभ हुए हैं कि दोनों मुल्कों की सेनाओं के बीच एलएसी के विवादित क्षेत्रों में खूरेंजी झड़पें हो सकती हैं। जबकि समाचार यह कहते हैं कि चीन कई मोर्चों पर उलझे होने के कारण लद्दाख सीमा पर अपनी खुन्नस निकाल सकता है। ऐसे में भारतीय सेना की चिंता यह है कि और कितनी सर्दियां चीन सीमा पर गुजारनी होंगी।

### सेना को युद्ध वाली स्थिति में रहने को कहा

रक्षा सूत्रों के बकौल, पैंगांग झील, देपसांग, स्पंगुर झील, रेजांगला आदि के एलएसी के इलाकों में भारतीय सेना को युद्ध वाली स्थिति में ही रहने को कहा गया है। उसे अपने सैनिक साजो सामान को कुछ ही मिनटों के आर्डर पर जवाबी हमला करने की स्थिति में भी तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। याद रहे भारतीय और चीनी सैनिक पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के कुछ बिंदुओं पर तीन साल से अधिक समय से टकराव की स्थिति में हैं, हालांकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है। गलवान घाटी, पैंगोंग त्सो, गोगरा (पीपी-17ए) और हॉट स्प्रिंग्स (पीपी-15) से सैनिकों की वापसी के बावजूद, दोनों देशों की सेनाओं ने एलएसी पर हजारों सैनिकों और उपकरणों को बनाए रखना जारी रखा है। भारत उन क्षेत्रों में अप्रैल 2020 तक की यथास्थिति की बहाली की मांग कर रहा है, जहां मई 2020 से तनाव देखा गया था।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।